दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। सोमवार 20 जनवरी-2025 | वर्ष : 10 अंक : 32 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3










# महाकुंभ मेले में भीषण आग से मची अफरातफरी

## सीएम आदित्यनाथ योगी ने किया घटना स्थल का दौरा





**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला क्षेत्र से अचानक आग लग गई। जानकारी के मुताबिक, महाकुंभ मेला क्षेत्र के शास्त्री ब्रिज सेक्टर-19 कैंप में भीषण आग की घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अग्निशमन के गाड़ियां पहुंच गई हैं और काफी मशक्कत के बाद भीषण आग पर काबू पाया गया। ये आग इतनी भीषण थी कि आसपास के पूरे इलाके में आसमान में काली धुआं छा गया है। साथ ही दमकल की टीम ने आसपास के पूरे इलाके को खाली करा लिया था। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर ने बताया कि आज 4:30 बजे कुंभ क्षेत्र सेक्टर 19 के गीता प्रेस में आग लगने की सूचना हमे मिली थी।

उन्होंने आगे बताया कि अग्निशमन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। गीता प्रेस के साथ 10 प्रयागवाल के टेंट में भी आग फैलने की सूचना मिली थी जिसको बुझा लिया गया है। स्थिति सामान्य है, किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने की सूचना के चलते तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए प्रयास करते दिखें, जहां उन्हें सफलता मिली। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टेंट में खाना बनाते समय आग लगी है लेकिन इसको लेकर अभी तक आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है।

**सपा ने सरकार पर उठाए सवाल :** महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगी की घटना के बाद समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है।

सपा नेता ने कहा कि समाजवादी पार्टी शुरू से कुंभ में हो रही तैयारी पर सवाल खड़े कर रही थी। श्रद्धालु जब पहुंच रहे हैं, वह खुले आसमान के नीचे हैं पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। समाजवादी पार्टी अपने लोकतांत्रिक अधिकार के तहत सवाल उठाती रही है आज जो आग लगी है उसमें श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करना चाहिए।

### सीएम योगी ने हेलिकॉप्टर से मेला क्षेत्र का लिया था जाएजा

बता दें कि यह आग अखाड़े से आगे वाली सड़क पर लोहे के ब्रिज के नीचे लगी थी। घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंच गई थी। इलाके को सील कर दिया गया था। हवा तेज होने से आग के फैलने का खतरा बना हुआ था। हालांकि, इस आग लगी की घटना में कोई जनहानि की खबर नहीं है। आज सीएम योगी भी प्रयागराज पहुंचे थे। घटना से कुछ देर पहले ही उन्होंने हेलिकॉप्टर से महाकुंभ मेला क्षेत्र का जायजा लिया था।

## आईएएस इन्द्र विक्रम सिंह को मीडियाकर्मियों ने दी विदाई






गाजियाबाद, करंट क्राइम। आइएएस इन्द्र विक्रम सिंह की पदोन्नति हो गई है। उन्हें अब सचिव कृषि के पद पर नियुक्त किया गया है। रविवार को मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी कॉलेज में उनकी पदोन्नति और विदाई के लिए गाजियाबाद की मीडिया द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# लिफाफे में बंद हो चुका है गाजियाबाद के भाजपा महानगर अध्यक्ष का नाम

## जी एम फैक्टर का मच रहा है शोर, लगा चुके सभी अपने जोर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार में ही महानगर अध्यक्ष वाला प्रचार शुरू हो गया था। यहां भाजपा को अपनी जीत का भरोसा था और अध्यक्ष पद के दावेदारों ने पूरी फिल्डिंग लगानी शुरू कर दी थी।

दिल्ली बैठक, लखनऊ बैठक और क्षेत्रीय बैठकों के दौर के बाद यह माना जा रहा है कि गाजियाबाद के भाजपा महानगर अध्यक्ष का नाम फाइनल होकर लिफाफे में बंद हो गया है। 18 जनवरी को प्रदेश और क्षेत्रीय वालों की एक बैठक हुई। सूत्र बताते हैं कि इस बैठक में 30 जिलों और महानगर अध्यक्ष पर चर्चा हुई है। 50 जिलों के महानगर और जिला अध्यक्ष पर 21 जनवरी को चर्चा होगी। सूत्र बताते हैं कि जिन 30 जिलों पर चर्चा हुई है उनमें गाजियाबाद को नाम भी शामिल है। मीटिंग से छनकर जो बात बाहर आ रही है वो यह है कि यहां जी और एम के बीच कोई एक चेहरा आएगा। कोई एक वैश्य या कोई एक ओबीसी यहां महानगर अध्यक्ष वाला ताज पहन लेगा। सूत्र बताते हैं कि यहां टी फैक्टर डाउन हो गया है। हालांकि यह सब बातें चर्चाएं हैं और सूत्रों के हवाले से है, इनकी पुष्टि करंट क्राइम नहीं करता है लेकिन ये भी कहा जाता है कि कुछ तो आग है जो धुआं उठ रहा है।

लिहाजा अब भगवा गढ़ के सियासी सूरमा ये मान रहे हैं कि अगर यहां जी और एम का पत्ता पिटता है तो फिर यहां टी को आने से कोई नहीं रोक सकता है। वहीं दूसरी तरफ ये पूरा बैलेंस जिले और महानगर के सस्पेंस पर भी टिका है। अगर जिले में ओबीसी आ गया तो फिर यहां एम फैक्टर लागू होगा और वैश्य चेहरा आ जाएगा। वहीं अगर जिले में टी हो गया तो फिर यहां रेस में एम और जी आ जाएंगे। फिलहाल समीकरण पर पूरा मामला टिका है और ये भी माना जा रहा है कि जिस फैक्टर को इस रेस में कमजोर माना जा रहा है वो दूसरों की रेस को कमजोर करने में सफल रहा है। फिलहाल मामला ओबीसी के एम और वैश्य समाज के जी के बीच आ गया है।

### गाजियाबाद के डाक बंगले में किसने दी रविवार को मुस्कुराते हुए दस्तक

करंट क्राइम। घोषणा अभी बाकी है और सूत्र बता रहे हैं कि नाम तो लिफाफे में बंद हो चुका है लेकिन दिल है कि मानता नहीं। अभी 21 जनवरी को बैठक होनी है और इस बैठक पर बहुत कुछ निर्भर करता है। यहां यह भी देखा जाएगा कि घोषणा पहले किसकी होती है। जिले की घोषणा पहले होती है या महानगर की घोषणा पहले होती है। यहां कौन सा फैक्टर चला जाता है। 21 जनवरी को जब भाजपा की बैठक होगी तो इसमें बाकी बचे 50 जिला और महानगर पर चर्चा होगी। इन नामों पर सहमति की मुहर लगेगी। ऐसे में ये माना जा रहा है कि 21 जनवरी के बाद जब ये बैठक हो जाएगी और सभी जिलों पर चर्चा हो जाएगी तो फिर इसके तीन दिनों के अंदर नामों की घोषणा हो जाएगी। सूत्र बताते हैं कि दिल्ली में रविवार को बैठक का दौर चला है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई है। वहीं गाजियाबाद में भी रविवार को भाजपा के एक बड़े चेहरे ने सरकारी डाक बंगले यानी पीडब्ल्यूडी गैस्ट हाउस में मुस्कुराते हुए दस्तक दी है। अब उनकी मुस्कुराहट का अंदाजा लगाने वाले लगा रहे हैं। किसका नाम आएगा और कौन से फैक्टर पर आएगा। सब इसके कयास लगा रहे हैं और बताया जा रहा है कि गाजियाबाद के भाजपा महानगर अध्यक्ष का नाम फाइनल होकर लिफाफे में बंद हो चुका है।

### प्रभारी मंत्री असीम अरुण 21-22 को रहेंगे गाजियाबाद में

करंट क्राइम। एक तरफ महानगर अध्यक्ष को लेकर जंग चल रही है और सभी दावेदार अपनी-अपनी दावेदारी का रंग मजबूत कर रहे हैं। वहीं अब जब यहां प्रभारी मंत्री आएंगे तो इसके भी मायने निकाले जा रहे हैं। राज्यमंत्री तथा गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण 21 और 22 जनवरी को गाजियाबाद में रहेंगे। इस दौरान वो औद्योगिक इकाई का भ्रमण करेंगे। वो उद्यमियों के साथ जनसंवाद करेंगे और संविधान गौरव अभियान में भी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा प्रभारी मंत्री जनता, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक भी करेंगे और इसी बैठक में समीक्षा बैठक भी करेंगे। यह बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में होगी। प्रभारी मंत्री के इस कार्यक्रम में जो सबसे अहम कार्यक्रम है वो उनका दिल्ली जाने का कार्यक्रम है क्योंकि दिल्ली में बैठक होनी है और प्रभारी मंत्री असीम अरुण गाजियाबाद में दो दिन प्रवास करेंगे। यहां वो एक दिन दिल्ली में रहेंगे। उनके दिल्ली प्रवास को लेकर गाजियाबाद प्रवास को लेकर सियासी कयास लगाए जा रहे हैं।



# लोनी में आग का तांडव, चार की जिंदा जलकर मौत

## तीन मंजिला बिल्डिंग में लगी थी आग, नहीं थे बचाव और राहत पहुंचाने के मार्ग







### - लोनी के कंचन पार्क इलाके की घटना, जीटीबी में चल रहा है उपचार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लोनी थानाक्षेत्र अंतर्गत कंचन पार्क इलाके में एक तीन मंजिला मकान में आग लगने के बाद अफरातफरी मच गई। इस भीषण अग्नि हादसे में दो बच्चे समेत चार लोग जिंदा जल गए। वह बिस्तर से उठ नहीं पाए और मौके पर पहुंची दमकल की टीमों को उपयुक्त स्थान न मिलने और मकान की सीढ़ियां संकरीहोने की वजह से भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा। आग लगने के बाद इलाके में अफरा-अफरी का माहौल मच गया था। साथ ही आग लगने की वजह से गंभीर रूप से घायल लोगों को उपचार भी समय रहते नहीं मिल पाया। मौत की मुख्य वजह निकाल कर आ रही है। भीषण अग्नि हादसे के बाद जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन और डीसीपी ग्रामीण जोन के साथ ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। इसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी गई है। वहीं घायलों का दिल्ली के जीटीवी अस्पताल में इलाज चल रहा है। एसडीएम लोनी स्वयं पूरे मामले की देखरेख कर रहे हैं जबकि दो घायलों को उपचार के बाद बचा लिया गया है। अग्नि हादसा इतना भीषण था कि इसमें कुल चार लोग आग की लपटों के बीच झुलस गए और उनकी मौत हो गई।

### आग लगने का कारण नहीं है अभी स्पष्ट पर हादसा था बेहद दर्दनाक

करंट क्राइम : रविवार को लोनी के कंचन पार्क इलाके में हुए दर्दनाक हादसे में जहां चार लोगों की मौत हुई है। तो वही आग ने जिस तरीके से तांडव मचाया है, उसके बाद आग एवं बचाव को लेकर सिस्टम की खामियां भी नजर आने लगी हैं। सीएफओ राहुल पाल ने बताया है कि सुबह सात बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर तीन गाड़ियां पहुंची थी। गली 10 फीट की नहीं होने के कारण दमकल की गाड़ियां अंदर नहीं जा रही थी। इस दौरान हौज पाइप फैलाकर घटना स्थल तक पाइप को पहुंचाया गया और राहत एवं बचाव कार्य फिर शुरू हुआ। आग से बचाव के लिए जहां आसपास की छतों और दीवार तोड़ने का सहारा लेना पड़ा। तो जिस तीन मंजिला इमारत में आग लगी थी, वहां की सीढ़ियां भी बेहद संकरी थी।

### अधिकारियों की टीम ने किया संयुक्त रूप से मौके का दौरा

करंट क्राइम : लोनी के कंचन पार्क इलाके में हुए भीषण अग्नि हादसे में जहां चार लोगों की मौत हुई है। जिसमें गुलबहार पत्नी शाहनवाज उम्र 32, जीशान उम्र 7 साल, अयान 4 वर्ष ,शान मोहम्मद 8 वर्ष की मृत्यु हुई है। मौके पर प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, मुख्य अग्नि शमन अधिकारी, डीसीपी ग्रामीण जोन, एसीपी लोनी और उप जिलाधिकारी लोनी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया है। जिसमें तमाम तरीके की कमियों का भी जिक्र किय जाने की जानकारी मिली है।

### कपड़ों की वजह से 3 मंजिला घर में मिनटों में फैली आग की लपटें

करंट क्राइम : तीन मंजिला बिल्डिंग के दो फ्लोर में कपड़ों का कारखाना था, वहां पर लोअर तैयार किए जाते हैं। तीसरी मंजिल में दो भाई शहनवाज और शमशाद का परिवार रहता है। सुबह छह बजे अचानक सेकेंड फ्लोर में आग लग गई। कपड़े होने की वजह से आग तेजी से फैली। पूरे मकान में धुआं भर गया। किसी को कुछ दिख ही नहीं रहा था। जैसे-तैसे शहनवाज, शमशाद और उसकी पत्नी आयशा अपने चार साल के बेटे को गोद में लेकर भागी। आग में आयशा और उसका बच्चा भी झुलस गया। शमशाद और शहनवाज भी उनको बचाने में झुलस गए। दोनों भाइयों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आयशा और उसके बच्चे की हालत गंभीर है। आग लगी तो धुआं उठता देखा तो पड़ोसियों ने पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। थोड़ी देर में आग इतनी विकराल हो गई कि कोई भी अंदर जाने की हिम्मत ही नहीं जुटा पाया। फायर बिग्रेड की टीम पहुंची तो पूरे घर में धुआं भरा हुआ था।

### 10 फीट की गली में रेस्क्यू बना चुनौती

करंट क्राइम : सीएफओ राहुल पाल ने बताया- सुबह करीब सात बजे कंचन पार्क के गली नंबर 5 में आग लगने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। गली 10 फीट की गली होने के कारण दमकल की गाड़ियां अंदर नहीं पहुंच सकीं। तुरंत लंबी दूरी तक हौज पाइप को फैलाकर घटनास्थल तक पहुंचे। 50 गज में बने तीन मंजिला मकान में आग लगी थी, सामने से अप्रोच नहीं मिलने के कारण आसपास के छतों पर चढ़कर घर की दीवार तोड़ी गई और अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। इसके बाद आग बुझाई गई। वहां महिला और 3 बच्चों के शव मिले। 4 लोग झुलस गए थे, जिसमें महिला और बच्चे की हालत गंभीर है। हादसे में गुलबहार (32) पत्नी शाहनवाज, जान (9) पुत्र शाहनवाज, शान (9) पुत्र शाहनवाज, जीशान (7) पुत्र शमसाद की मौत हो गई। घायलों में शमशाद की पत्नी आयशा (30) और बेटा आयान शामिल हैं।। शमसाद और शहनवाज भी झुलसे हैं, लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर है।





### पड़ोसी बोले- जब हम लोग पहुंचे तब तक सब राख हो चुका था

करंट क्राइम : आस मोहम्मद ने बताया- ये हादसा साढ़े छह बजे हुआ। मोहल्ले के बच्चे भागते हुए मेरे घर आए। उन्होंने मुझे बताया। तब घटना की जानकारी हुई। आग नीचे से लगी थी और बाद में ऊपर की तरफ बढ़ती चली गई। महिला बच्चों को लेकर ऊपर गई लेकिन वहां पर ताला बंद था। तब तक आग फैल चुकी थी। आग से झुलसने से मां बच्चों की जलकर मौत हो गई। मोहम्मद जमशेद कुरैशी ने बताया-मुझे मोहल्ले के लोगों ने सूचना दी। तब जाकर मुझे घटना का पता चला। जाकर देखा तो मां और बच्चों समेत 4 लोगों की जलकर मौत हो चुकी थी। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी थी लेकिन गाड़ी सात बजे के बाद पहुंची।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में कहा-

# महाकुंभ विविधता में एकता का उत्सव






नई दिल्ली। नए साल के पहले मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक समागम महाकुंभ का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यहां पर जनसैलाब उमड़ पड़ रहा है। देश के चारों कोनों से लोग यहां पहुंच रहे हैं। यहां पर आकर अमीर और गरीब सबका भेद मिट जा रहा है। कहा कि महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। चिरस्मरणीय जन सैलाब, अकल्पनीय दृश्य और समता, समरसता का असाधारण संगम दिखाई दे रहा है। इस बार कुंभ में कई दिव्य योग बन रहे हैं। ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। संगम की रेती पर पूरे भारत के, पूरे विश्व के लोग जुटते हैं। हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं। इसमें भारत के दक्षिण से लोग आते हैं, भारत के पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब, अमीर सब एक हो जाते हैं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं, प्रसाद लेते हैं, तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। यह आयोजन हमें ये भी बताता है कि कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं।











## शनिवार को 19 लाख 80 हजार लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

### शुक्रवार को 7 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान



**प्रयागराज।** महाकुंभ के छठे दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे तक लगभग 19 लाख 80 हजार लोगों ने स्नान कर लिया था। यह जानकारी प्रशासन की ओर से साझा की गई। जानकारी के अनुसार छठे दिन 10 लाख से ज्यादा कल्पवासी और 9 लाख 84 हजार श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। वहीं 17 जनवरी दिन शुक्रवार को लगभग सात लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। 18 जनवरी तक संगम में सात लाख 72 हजार श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में बाबाओं का अलग अंदाज, लोगों का अपनी ओर ध्यान खींच रहा है।

महाकुंभ में बाबाओं का अलग-अलग स्वरूप भी लोगों का ध्यान उनकी ओर खींच रहा है। इन्हीं में से एक है गोल्डेन बाबा जो छह किलो सोना शरीर पर हर समय धारण किए रहते हैं। मीडिया से बात करते हुए गोल्डेन बाबा ने बताया कि छह किलो सोना पहनने के पीछे का क्या है कारण। गोल्डेन बाबा ने बताया कि उनका नाम श्री श्री 1008 अनंत श्री विभूषित स्वामी नारायण नंद गिरिजी महाराज है।

## सीएम योगी पहुंचे महाकुंभ, मोरारी बापू और चिदानंद से की मुलाकात, मौनी अमावस्या की तैयारियों का लिया जायजा

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को महाकुंभ नगर में पहुंचे। उन्होंनेन 29 जनवरी को महाकुंभ में होने मौनी अमावस्या पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। सीएम ने अरैल में स्थित परमार्थ आश्रम निकेतन में स्वामी चिदानंद सरस्वती और कथा वाचक मोरारी बापू समेत कई संतों से मुलाकात की। सीएम शंकराचार्य समेत अन्य संतों से मिलेंगे और आयोजन की बाबत सुझाव लेंगे।

मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर अरैल में अपराह्न करीब 12 बजे उतरा। वहां से परमार्थ निकेतन शिविर पहुंचे और स्वामी चिदानंद मुनि से मुलाकात की। इसके बाद पर्यटन प्रदर्शनी, ओडीओपी, वाक थ्रू गैलरी, पुलिस गैलरी, संविधान गैलरी का अवलोकन किया। इसके बाद आईसीसीसी में मौनी अमावस्या तथा कैबिनेट की बैठक की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।



मुख्यमंत्री सेक्टर नौ स्थित कार्षिणी आश्रम में स्वामी गुरुशरणानंद से भेंट, सेक्टर 17 में आचार्य बाड़ा के अध्यक्ष और मंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सेक्टर 17 में ही स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती, शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती से मुलाकात करेंगे और मेला आयोजन की बाबत सुझाव लेंगे। इसके बाद करीब सवा पांच बजे वह बमरौली एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

**मोरारी बापू की कथा में शामिल हुए सीएम योगी :** परमार्थ निकेतन शिविर अरैल में विश्व प्रसिद्ध राष्ट्रसंत मोरारी बापू जी कथा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। यहां पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती स्वामी संतोषदास जी (सतुआ बाबा) ने सीएम योगी आदित्यनाथ जी का अभिनन्दन किया। मानस ज्ञान गंगा के प्रवाह को आत्मसात करने और अंतस के संगम को बनाए रखने के लिये विश्व के अनेक देशों के साधकों ने सहभाग किया।

सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरा पर महाकुंभ के दिव्य अवसर पर परमार्थ निकेतन की ओर से आयोजित पूज्य बापू की कथा में आने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। आज मैने देखा कि प्रयागराज के सारे घाट पावन श्रद्धालुओं से भरे हैं। यह भारत का दृश्य है जो जाति-पति से मुक्त भारत का संदेश दे रहा है; भारत की एकता का संदेश दे रहा हैं। यह दृश्य अखंड़ भारत का मार्ग प्रशस्त करने का संदेश दे रहा है।

मुझे बापू की कई कथाओं में सहभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रत्येक कथा में कुछ न कुछ नया व रोचकता होती हैं। हरि अनंत, हरि कथा अनंता।

## महाकुंभ एकता, समता और समरसता का संगम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### युवाओं के जुड़ने से स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाकुंभ को एकता और समता-समरसता का असाधारण संगम करार दिया। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। आकाशवाणी पर हर महीने प्रसारित होने वाले रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह दिन इसलिए अहम है, क्योंकि इसी दिन 'भारतीय निर्वाचन आयोग' की स्थापना हुई थी। पीएम ने 'कुंभ', 'पुष्करम' और 'गंगा सागर मेले' का जिक्र करते हुए कहा कि ये पर्व मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं।

## न्यूज डायरी

### मोदीनगर के विकास को लग रहे पंख : राजुकमार सांगवान




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर-बागपत सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान ने कहा कि अब मोदीनगर में भी दिल्ली की तर्ज पर विकास हो रहा है और यंहा दिल्ली जैसी सुविधाऐं उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि कारोबार की दृष्टि से मोदीनगर एनसीआर से कम नही है। यंहा आये दिन नये कारोबारी आकर किसी न किसी नये स्टार्टअप की शुरूआत कर रहे है। तहसील के सामने स्थित आरबी इंटरप्राईजेज नामक प्रतिष्ठान के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेने पंहुचे मोदीनगर- बागपत सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ0 मंजू शिवाच व पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली उर्फ विनोद जाटव ने सयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतिष्ठान के शुभारंभ के अवसर पर उक्त उद्गार व्यक्त किये। इस दौरान सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान ने कहा कि मोदीनगर व्यापार की दृष्टि से उन्नति कर रहा है। यंहा प्रत्येक दिन नये-नये कारोबारी अपने स्टार्टअप प्रारंभ कर रहे है, उन्होंने कहा कि अब वो दिन दूर नही जब मोदीनगर में दिल्ली जैसी सुविधाऐं उपलब्ध होगी। इस दौरान सांसद डॉ0 राजकुमार गुप्ता, विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, चेयरमैन विनोद वैशाली, प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरूण वर्मा, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष मोहित सोनी, नरेन्द्र चैधरी व भाजपा नेता नीरज बत्रा सहित सैकड़ों लोगों ने प्रतिष्ठान के डायरेक्टर विनय सिंघल व शुभम चैधरी को बधाई दी। कार्यक्रम में अनेक सामाजिक व राजनीतिक हस्तियों की शिरक्त की।

### स्वर्णकार समाज ने दिया एकजुटता का परिचय



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वर्णकार समाज के लोगों ने भारी संख्या में हिस्सा लिया। बेगमाबाद स्थित बड़े बाजार में आयोजित हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि समाज के संरक्षक ब्रजमोहन वर्मा, धर्मवीर वर्मा व अध्यक्ष मोहित सोनी ने अपनी भागेदारी निभाते हुये बैठक का नेतृत्व किया। इस दौरान ब्रजमोहन वर्मा ने समाज को एकजुट होने का आहवान किया। धर्मवीर वर्मा ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुये आगामी 23 फरवरी को आयोजित होने वाले संगठन के शपथे ग्रहण कार्यक्रम में भारी संख्या में पंहुचने का आहवान किया। अध्यक्ष मोहित सोनी ने कहा कि संगठन एक परिवार की तरह होता है, मोहित सोनी ने 23 फरवरी को आयोजित होने वाले संगठन के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये समाज के लोगों को आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में समाज के अनेक रत्न एक मंच पर होंगे। संचालन मनोज सोनी ने किया। बैठक को सफल बनाने में एडवोकेट जितेन्द्र वर्मा, राकेश शास्त्री उर्फ सोनी, राजन वर्मा, विष्णु वर्मा का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान हर्षित वर्मा, पूर्व सभासद रवि वर्मा, मोंटी वर्मा, देवेंद्र सोनी, गौरव वर्मा, विकास सोनी, अंकित वर्मा, विवेक सोनी सहित सैकड़ों बेगमाबाद के स्वर्णकारबंधु मौजूद रहें।

## पार्षद गौरव सोलंकी ने पार्क के सौंदर्यकरण कार्य का किया उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली वार्ड 76 के पार्षद गौरव सोलंकी ने रविवार को नारियल तोड़कर पार्क के सौंदर्यकरण का कार्य का शुभारंभ किया।

पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी ने बताया कि वैशाली सेक्टर 2 स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के सामने वाले पार्क की दीवार व फुटपाथ के निर्माण एवं सौंदर्यकरण के कार्य का उद्घाटन किया गया। पार्षद ने बताया कि इस पार्क का निर्माण श्री राम वाटिका की तर्ज पर होगा, जिससे सेक्टर 2 में निवास कर रहे हजारों निवासियों को लाभ मिलेगा। इस दौरान वार्ड के निवासी मौजूद रहे।

## इस बार महाकुंभ में होगी कैबिनेट की बैठक

### 2023 में अयोध्या मंदिर में पहले भी लग चुकी है कैबिनेट

**लखनऊ।** इस बार कैबिनेट बैठक प्रयागराज महाकुंभ में होगी। 22 जनवरी को पूरा मंत्रिमंडल प्रयागराज में कैबिनेट बैठक के साथ कुंभ स्नान करेगा। शासन और मेला प्रशासन ने इसे लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। 22 जनवरी बुधवार को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक प्रयागराज में होगी। सुबह 11 बजे से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैबिनेट की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। इसके पहले 29 जनवरी 2019 को प्रयागराज कुंभ के दौरान कैबिनेट बैठक बुलाई गई थी। पिछले कुंभ की कैबिनेट बैठक में गंगा एक्सप्रेस वे का फैसला लिया गया था।





प्रत्येक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन पर उस जिले में कैबिनेट बैठक के आयोजन का सिलसिला जारी है। काशी विश्वनाथ धाम में 16 दिसंबर 2021 को कैबिनेट बैठक आयोजित की गई थी। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 9 नवंबर 2023 को कैबिनेट बैठक हुई थी।

सपा मुखिया अखिलेश यादव सोशल मीडिया पर झूठ बोलने का कार्य कर रहे हैं।

वह करहल से विधायक रहे। मगर, उन्होंने कोई विकास कार्य नहीं कराया। शनिवार को यह तंज प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने औंछा में आयोजित सभा में कसे।

चांदेश्वर मंदिर और च्यवन ऋषि आश्रम, औंछा में हुए विकास कार्यों का लोकार्पण करने के लिए वह यहां आए हुए थे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 125.41 लाख की लागत से चांदेश्वर महादेव मंदिर, 491.45 लाख की लागत से औंछा स्थित च्यवन ऋषि आश्रम मंदिर का पर्यटन विकास कराया है। संस्कृति विभाग के माध्यम से मैनपुरी में मुख्य चौराहों के सौंदर्यीकरण का कार्य कराकर महापुरुषों की मूर्तियों की स्थापना कराने का कार्य कराया है।

नगर का कोई ऐसा चौराहा नहीं है, जिस पर किसी महापुरुष की मूर्ति स्थापित न हुई हो। भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी कहा कि पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की बागडोर संभालने के बाद पर्यटन मंत्री ने जनपद के पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक महत्व के प्राचीन मंदिरों को पुराना स्वरूप दिलाने का कार्य तेजी से किया। अधिकांश प्राचीन मंदिरों के सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है।

## वार्ड 79 में सीवर की समस्या को लेकर सड़क पर उतरे लोग





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 79 न्यायखंड-1 में लोगों ने रविवार को सीवर ओवरफ्लो की समस्या के विरोध में आक्रोश रैली निकाली। लोगों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मार्च किया। साथ ही, दो दिन में समस्या के समाधान की मांग की। न्यायखंड, अभयखंड के अलावा विधायक कॉलोनी में सीवर ओवरफ्लो से गंदा पानी सड़कों और गलियों में बह रहा है। लंबे समय से लोग इससे परेशान हैं। उनका आरोप है कि शिकायत करने पर समाधान नहीं हो रहा। जिन्होंने नगर निगम और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान चेतावनी दी कि समस्या को जल्द नहीं सुलझाया गया तो आंदोलन करेंगे। वार्ड निवासी रविंद्र तिवारी ने बताया कि समस्या लंबे समय से है। नगर निगम से शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए। नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा। इस मौके पर कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी, केशव कीर्तन मंडली के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, बिहार एकता मंच के महासचिव साहिल खान, शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, समाज सेवी दीपक कांतुरा, समाजसेवी भगत सिंह बिष्ट, समाजसेवी वीरेन्द्र रावत, समाजसेवी संजीव शर्मा, समाजसेवी परमेश्वर जुआल हेमा बिष्ट, गोपाल पाठक, होशियार यादव, सर्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश कसाना, राकेश त्यागी, ललित त्यागी आदि मौजूद रहे।

## गुरू ने शिष्या संग की छेड़छाड़, शिकायत करने पर पिता से मारपीट

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक शिक्षक ने ट्यूशन पढ़ने आई बीए प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। घटना के समय छात्रा के पिता प्रयागराज कुंभ में स्नान के लिए गए हुए थे। 17 वर्षीय बीए की छात्रा एक लाइब्रेरी में पढ़ने जाती थी, जहां उसकी मुलाकात आरोपी युवक से हुई। युवक ने छात्रा को पढ़ाने का प्रस्ताव रखा और फिर अपने घर बुला लिया। छात्रा अपने भाई के साथ आरोपी के घर गई, जहां आरोपी ने पहले भाई को वहां से भेज दिया और फिर अकेला पाकर छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। जब छात्रा ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी। कुंभ से लौटने के बाद जब छात्रा के पिता ने रविवार को इस मामले की शिकायत की, तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस में शिकायत करने पर आरोपी द्वारा छात्रा और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़िता के पिता द्वारा दी गई शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## कार्यकर्ताओं से मिले सीएम सैनी

**हरियाणा।** कार्यकर्ताओं से मिले सीएम सैनी, लोगों से की हर माह 'मन की बात' सुनने की अपील कैथल, 19 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को कैथल स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम समेत कई अन्य मुद्दों पर पत्रकारों से बातचीत की। सीएम नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम देशभर के उन लोगों का जिक्र करते हैं।

### सूचना

मैं कंचन मित्तल धर्मपत्नी श्री संदीप मित्तल R/O-BD,283-अवंतिका गाजियाबाद सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा एक बेग जिसमे मेरा दुकान नंबर यूजीएफ -36 ग्राउंड फ्लोर, क्लाउड 9, वैशाली गाजियाबाद का एक बिल्डर बायर एग्रीमेंट, अलॉटमेंट लेटर आदि कुछ कागजात थे, कहीं गम हो गया है, जिस किसी को भी मिले कृपया उक्त पते पर वापस करने का कष्ट करे। एवम भविष्य में उपरोक्त पेपर का उपयोग किसी अन्य द्वारा गैरकानूनी माना जाएगा।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दिखाई सामाजिक कार्यक्रम से साहिबाबाद में अपनी सियासी ताकत

## लिट्टी-चोखा से दिया पूर्वांचल समाज का संदेश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद साहिबाबाद के राधा गोविंद वाटिका फार्म हाउस वसुंधरा सेक्टर 10 में आईटी एंड इलेक्ट्रिकल कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील कुमार शर्मा की और सामाजिक सदभाव लिट्टी चोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बिहार का मुख्य व्यंजन लिट्टी चोखा खिलाकर सदभाव प्रेम भाईचारे का संदेश दिया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रम देश और समाज को मजबूती प्रदान करते हैं।

**कार्यक्रम में पहुंचे बिहार पूर्वांचल समाज के कई हजारों लोग :** कैबिनेट मंत्री में विधायक सुनील कुमार शर्मा द्वारा किए गए लिट्टी चोखा स्नेह मिलन कार्यक्रम में बिहार पूर्वांचल के कई हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने बताया कि बिहार पूर्वांचल समाज में मंत्री सुनील शर्मा की एक मजबूत पकड़ है वह इतनी बड़ी संख्या ने कार्यक्रम को सफल बनाने का काम भी किया...

**ट्रांस हिंडन के सभी क्षेत्रों की रही उपस्थित :** मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा किए गए सामाजिक सद्भाव लिट्टी चोखा स्नेह मिलन कार्यक्रम में साहिबाबाद विधानसभा के सभी क्षेत्रों से बिहार पूर्वांचल के सम्मानित लोगों की उपस्थिति रही।

वही मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा किए गए इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सभी ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम लगातार होने चाहिए और मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा किए गए इस अच्छी पहल का सभी स्वागत करते हैं।

## कैबिनेट मंत्री की दावत में दिखी सियासी अदावत







करंट क्राइम। सुनील शर्मा भगवा सियासत के चाणक्य कहे जाते हैं। वो देश के नंबर वन विधायक हैं और सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। उन्होंने हाल ही में मंडल चुनावों में ये दिखाया कि वो अपनी विधानसभा के टॉपर क्यों हैं और उन्हें विधायक नंबर वन क्यों कहा जाता है। सरकार के कैबिनेट मंत्री और देश के विधायक नंबर वन अपनी विधानसभा में मंडल अध्यक्ष वाली परीक्षा में टॉपर साबित हुए हैं। उन्होंने यहां शत-प्रतिशत अंक हासिल कर अपना जलवा कायम रखा। वो दस के दस मंडल अध्यक्ष अपनी पसंद के लेकर आए। अब जब रविवार को उन्होंने सामाजिक सद्भावना का संदेश दिया तो ये सबको पता था कि ये सद्भावना से ज्यादा किसी और भावना की डिश है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने एक तरह से अपनी विधानसभा में ये दिखाया कि बिहार और पूर्वांचल के लोग उन्हें कितना पसंद करते हैं। उनके एक निमंत्रण पर क्षेत्र की पूरी भाजपा दिखाई दी तो साहिबाबाद में सबसे बड़ा वोट बैंक माना जाने वाला पूर्वांचल समाज भी नजर आया। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री की उम्मीद से ज्यादा मेहमान आए। जितने लोगों को निमंत्रण दिया था उससे दुगुनी संख्या इस लिट्टी-चोखा की दावत में दिखाई दी। बड़ी बात यह थी कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सबसे बड़े मेजबान बनकर आए। वो ठीक बाहर बजे इस कार्यक्रम में आ गए और 4 बजे तक वो इसी कार्यक्रम में मौजूद रहे। यहां उनकी मेहमानवाजी का अंदाज सबको पसंद आया। लोगों का कहना था कि यहां के इतिहास में किसी नेता ने अब तक पूर्वांचल की डिश लिट्टी-चोखा की इतनी बड़ी दावत का आयोजन नहीं किया। ये पहला मौका है जब विधायक सुनील शर्मा ने अपनी विधानसभा में पूर्वांचल समाज के लोगों के साथ बैठक लिट्टी-चोखा का स्वाद लिया है। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी बात यह भी थी कि इस पूरे कार्यक्रम में एक भी वेटर नहीं बुलाया गया था। मेहमान ही मेजबान थे और मेजबान ही मेहमान थे। सब पूरी तरह से घरेलू अंदाज में हम सब एक हैं वाले स्टाइल में इस दावत में मौजूद थे। देखने वालों ने भी इसे कैबिनेट मंत्री का जलवा बताया तो कुछ ने कहा कि यह एक तरह से ताकत का मुलाहिजा हुआ है।

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लिट्टी चोखा वाली दावत में दिखाई दी उनके मान में एक अलग ही अदावत? सुना है उन्हें लेकर समर्थकों ने दिखाया कुछ अलग ही जोश? देखने वाली वालों ने कहा हमे तो अभी से दिख रहा है इनमें अध्यक्ष वाला फेस? दावत में स्वागत का सिलसिला बता रहा है कि महानगर में ये ही आ रहे हैं और जिले की जाने जिला?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा सिंघल ने कर लिया है अब खुद को देवतुल्य वाले कामों से दूर? वो हो चुके हैं अपने बिजनेस में पूरी तरह चूर? क्यों कहा कहने वाले ने कि हो गया उनका नुकसान? मगर पूरी भाजपा में कोई नहीं बोला श्रीमान? जो भगवा सिंघल हर भगवाई के सुख दुख में रहते थे शरीक? उन्हें नहीं पता था कि उनकी जब बारी आएगी तो सब सोचेंगे इतना बारीक?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के पूर्व हो गए टी एस जब पहुंचे हेवीवेट वालो की दावत में? क्या किसी ने कह दिया उन्हें की आप तो हो गए हैं अब मंडल अध्यक्ष वाले पद से एक्स ? तब कहा उन्होंने कि आप टेंशन मत लो और रहो बिल्कुल रिलेक्स? मंत्री जी का आशीर्वाद है तो महानगर की टीम में रहने वाला है मेरा भी फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अपनी विधान सभा में उन्होंने मंडल को दिया है हैवी स्वरूप? मंडल अध्यक्ष की जंग में भर दिया कैबिनेट वालों ने रंग? अब मंडल की टीम में किसी को लाने के लिए लगा रही है टी कंपनी पूरा जोर? सुना है एक टी चेहरे को मंडल में महामंत्री बनाने के लिए वो जा रहे हैं चारों ओर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लिट्टी वाली दावत में भगवा भाटी ने नहीं छोड़ी हाथ में पकड़ी हुई बाल्टी? इस नजारे को देख रही लिट्टी चोखा की पार्टी में आई हुई पूरी फ्लावर पार्टी? कर रहे थे कुछ भगवा पार्षद भी इस बात को लगातार नोटिस? वो जानना चाहते थे कि क्या है ये बाल्टी वाली केमिस्ट्री? क्या बाल्टी लेकर विधायक जी के आगे पीछे डोलने में छुपी है कोई सियासी मिस्ट्री?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब नदिया पार वाले पूर्वांचल वाले सिंह साहब ने संभाला माइक? तो यहां उनके पूर्वांचल भाषाई ज्ञान की तान था भाटी मेंबर ने कमान? उन्होंने कहा कि ये पूर्वांचल वालो का है प्रोग्राम? इसलिए आप भी हिंदी में नहीं अपितु पूर्वांचल भाषा में भी अपना संबोधन दे श्रीमान? सुना है पूर्वांचल वाले सिंह साहब ने रखा लोकल वालों की डिमांड का पूरा सम्मान? उन्होंने फिर पूर्वांचल अंदाज में ही रखी मंच से अपनी बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्या नदिया पार की लिट्टी चोखा वाली दावत में पड़ गई लिट्टी कम? कैबिनेट वालों की दावत में सब ने रखे कदम? कैबिनेट वालों को भी हुआ अपनी टीआरपी का अहसास? उन्होंने कहा कि अगली दावत में रखेंगे इस बात का पूरा ध्यान? इस बात से वो खुश नजर आए कि जनता देती है उन्हें यहां इतना मान सम्मान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फरवरी के महीने में चलेगा पता कितनी खिसक रही है लाइन पार वालो की नदिया पार में सियासी जमीन? कहने वाले ने कहा कि वो जाल बुन रहे हैं बहुत ही महीन? समझदार को इशारा ही काफी होता है और सियासत में लोकप्रिय हो जाने से जरूरी होता है समझदार होना? अभी से नहीं जागे तो फिर वो नहीं छोड़ेंगे बूथ से लेकर मंडल तक तुम्हारे लिए कोई कोना?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसलिए उन्हें कहा जाता है भगवा कमांडर? उन्होंने न मौसम देखा न कुंभ देखा और अवैध बस्ती में मचा दिया कार्यवाही का बवंडर? विपक्ष अभी तय ही नहीं कर पाया कि धरना प्रदर्शन करे या दे ज्ञापन? अगर आवाज ही उठानी है तो मौके पर पहुंच कर उठाए? इससे काम नहीं चलता कि बस 4 विपक्षी ज्ञापन दे ओर वो अखबारों में छप जाए?


▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा पंडितजी दे रहे हैं मंडल में पद दिलाने से लेकर पार्षद का टिकट दिलाने की गारंटी? कहने वाले ने कहा कि वो तो पहले ऐसे नहीं थे पर लगता है कि बज रही हैं कोई तो घंटी? उन्हें पता होना चाहिए कि भगवा गढ़ की फ्लावर पार्टी में हो जाता है खेल? यहां भगवा सियासी सूरमाओं की गारंटियों हो चुकी हैं फेल?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

रोजगार विस्तार एवं बेहतर उत्पादन से समरकूल बना प्रदेश में अवार्ड का हकदार

## 24 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी करेंगे संजीव गुप्ता को राज्य अवार्ड देकर सम्मानित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी 24 जनवरी को अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में एम एस एम ई पुरस्कार समारोह में समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को इलैक्ट्रिकल्स श्रेणी में राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। लखनऊ में यह राज्य पुरस्कार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समरकूल ग्रुप के द्वारा रोजगार के अवसर सृजित करने और बेहतर उत्पादन के लिए संजीव गुप्ता को प्रदान करेंगे।

राज्य पुरस्कार के संबंध में वार्ता करते हुए संजीव गुप्ता ने बताया कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग पुरस्कार योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने समरकूल का नाम चयनित किया है। जिसके आमंत्रण के लिए श्रम उपायुक्त श्रीनाथ पासवान के पत्र द्वारा उन्हें सूचित किया गया है। तथा इस राज्य पुरस्कार को ग्रहण करने के लिए वह 24 जनवरी को लखनऊ में उपस्थित रहेंगे।

समरकूल को दिये जाने वाले सम्मान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रदेश सरकार और एम एस एम ई सैक्टर सहित जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र गाजियाबाद का आभार व्यक्त किया है।

## कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने उठाई मांग
## चांदमारी के विस्थापितों को मिले वैकल्पिक स्थान

### - कहा वोटर कार्ड, आधार और राशन कार्ड बनने की हो जांच



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों शहर विधायक संजीव शर्मा ने विपक्ष पर सवाल उठाया था कि जब मुनादी हो रही थी, तो विपक्ष कहां था। इस पर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि दैनिक करंट क्राइम से कहा है कि सरकार ने जो कार्रवाई की उसका विरोध नहीं है। सेना की जमीन पर रहने वाले विस्थापितों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा है कि इतनी ठंड में तो लोग जानवरों की देखभाल करते हैं। उनको बचाने का काम करते हैं लेकिन ठंड में जिस तरीके से बच्ची की मौत हुई है वह बेहद अमानवीय चेहरा है। उन्होंने कहा कि यहां के विस्थापितों के लिए रहने, खाने और अन्य व्यवस्थाओं पर प्रशासन और संबंधित एजेंसियों को का म करना चाहिए था।



### कांग्रेस ने उठाई मांग होनी चाहिए सरकारी जमीन पर रहने वालों की जांच

करंट क्राइम : कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा है कि सरकारी जमीन पर 40 साल से लोग रह रहे थे। उनके पास वोटर कार्ड बन गए हैं। आधार कार्ड और राशन कार्ड भी हैं। यहां रहने वाले लोगों को किसने बसाया और क्या साठगांठ थी, इसकी जांच होनी। उन्होंने कहा है कि इस मामले में न सिर्फ नगर निगम बल्कि वहां के कई अन्य स्थानीय लोग भी शामिल हैं, उनका भी पर्दाफाश किया जाना चाहिए।

### कांग्रेस डीएम को सौंपेगी कार्रवाई के विरोध में ज्ञापन

करंट क्राइम : कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा है कि जिस तरीके से चांदमारी विजयनगर में कार्रवाई हुई है, इस पूरे मामले के विरोध में जल्द ही कांग्रेस पार्टी गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा को पत्र सौंपने का काम करेंगे ताकि यहां के विस्थापितों को मदद और आश्रय मिल सके।

# देखिए दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी की नजर से महाकुंभ

# श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर में हजारों भक्तों ने की पूजा-अर्चना

## भक्तों ने श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से आशीर्वाद भी लिया



**करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत तथा जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी इन दिनों कुंभ मेले में है। गाजियाबाद के लिए महंत नारायण गिरी विशेष रूप से प्रतिदिन कुंभ मेले की आस्था से लेकर व्यवस्था तक पूरा हाल बता रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साथ वो प्रतिदिन कुंभ मेले से प्रकाशित होंगे।

दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

**प्रयागराज, करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर द्वारा सेक्टर 20 संगम लोअर मार्ग शास्त्री ब्रिज के नीचे कुंभ मेला क्षेत्र में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर लगाया गया है। शिविर में देश-विदेश के संतों व भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। शिविर में रविवार को देश के विभिन्न शहरों ही नहीं विदेश से भी हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे। सभी ने श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सान्निध्य में शिविर में चल रहे रूद्र महायज्ञ, रूदाभिषेक, हवन, पूजन, बगलामुखी अनुष्ठान, गायत्री अनुष्ठानए राम रक्षा स्त्रोत आदि में भाग लिया और महाराजश्री से भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



### नर सेवा ही असली नारायण सेवा : महाराजश्री



करंट क्राइम। महाराजश्री ने कहा कि नर सेवा ही असली नारायण सेवा है। प्रयागराज महाकुंभ में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर नर सेवा करने के साथ धर्म, अध्यात्म, भारतीय संस्कृति व शिक्षा की अलख जगाने का कार्य भी कर रहा है। शिविर में आने वाले संतों व भक्तों के साथ ही वंचितों के लिए चाय-नाश्ते से लेकर खिचड़ी व भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। रविवार को शिविर में महंत मुकेशानंद गिरि महाराज वैद्य, अंशुमन डोगरा, आचार्य रोहित त्रिपाठी, अभिषेक पांडे, अभिषेक द्विवेदी, सुधांशु त्रिपाठी, सुधांशु पांडे, गौरव, ध्रुव रमेशानंद गिरि महाराज, यश दीक्षित, मोहित, अंबर मिश्रा, अभिषेक, जसवंत, जगदीश सिंह, टीका राम, गीतिका, सुरेंद्र, थान सिंह, डिम्पल आदि ने सेवा की।

## संपादकीय

# कायम होगा अमन?

दुनिया भर में प्रसन्नता की लहर के बावजूद इजरायल और हमास के बीच 15 महीनों से चल रहे संघर्ष में स्थायी शांति की संभावना बहुत कम नजर आती है। इस संघर्ष में अब तक 1.20 लाख लोग हताहत हो चुके हैं। इनमें अनेक महिलाएं और बच्चे हैं। इस दौरान 19 लाख गाजावासी विस्थापित हुए। तीन चरणों वाले संघर्ष विराम समझौते में सद्भाव की कमी नजर आती है। खबरों के मुताबिक इजरायल और हमास कतर और अमेरिका की कठिन अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद इसके लिए सहमत हुए लेकिन दोनों देशों के बीच गहरा अविश्वास कायम है। फिलहाल इजरायल की कैबिनेट ने अंतिम हस्ताक्षर करने में देरी की है जबकि इस पर गुरुवार को हस्ताक्षर होने थे। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जो अपने देश में अत्यधिक अलोकप्रिय हैं, उन्होंने कहा है कि इजरायल की कैबिनेट तब तक बैठक नहीं करेगी जब तक हमास अपने दावे के मुताबिक ह्यअंतिम समय की रियायतह्ल से पीछे नहीं हट जाता। संघर्ष विराम पर सहमत होने को लेकर नेतन्याहू की अनिच्छा का कारण घरेलू राजनीतिक अनिवार्यताओं में शामिल है।

वह 2022 से ही दक्षिणपंथी कट्टरपंथी दलों के साथ वाली सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं और उनका सत्ता में बने रहना हमास के साथ संघर्ष को लंबा खींचने पर निर्भर है। अक्टूबर 2023 में इजरायली नागरिकों पर हमास के हमले के बाद उनकी सरकार ने कहा था वह हमास को नष्ट कर देगी। उस हमले में 1,200 लोग मारे गए थे और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया था। संघर्ष विराम की घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर इजरायल द्वारा गाजा पर हमला किया गया जिसमें 70 से अधिक लोग मारे गए। यह भी बताता है कि समझौते का सम्मान होना मुश्किल नजर आ रहा है। संघर्ष विराम के रविवार से प्रभावी होने की उम्मीद है। इसे लेकर फिलिस्तीन के लोगों ने राहत की सांस ली है क्योंकि अमेरिका में ट्रंप की सरकार बनने के बाद उन्हें अधिक राहत की उम्मीद नहीं है। ईरान को भी राहत मिली है जो लेबनान स्थित समूह हिजबुल्ला की मदद से इस जंग में छद्म रूप से शामिल है। हालांकि इस बारे में विस्तृत घोषणा होनी बाकी है लेकिन समझौते में बंधकों का आदान प्रदान, इजरायली सैनिकों की वापसी, गाजा के पुनर्निर्माण के लिए प्रतिबंधरहित सहायता और विस्थापित फिलिस्तीनियों की वापसी शामिल है। हमास के पास अभी भी 94 बंधक हैं। बदले में इजरायल करीब 1,000 फिलीस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनमें से कुछ तो एक दशक से जेल में हैं। सैनिकों की वापसी और कैदियों की अदला बदली इस समझौते के पहले दो चरण होंगे और तीसरे चरण में गाजा का पुनर्निर्माण शामिल होगा। यह समझौता 84 दिन तक के लिए लागू है लेकिन यह कई अनुत्तरित सवालों का केवल एक पहलू है। उदाहरण के लिए इजरायल संघर्ष विराम के पहले चरण में गाजा में एक बफर जोन में मौजूदगी बनाए रखेगा। इजरायली रक्षा बलों का फिलिस्तीनी भूभाग में लगातार बने रहना कैदियों की अदला बदली के पहले विश्वास बहाल करने में मदद नहीं करेगा।

# ओमान से मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जारी



### मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत लगभग पूरी

भारत और ओमान के बीच हो रहे एफटीए के तहत भारतीय उत्पादों को ओमान के बाजार में पहुंच मिलेगी। साथ ही ओमान के सेवा क्षेत्र में भी भारत को पहुंच हासिल होगी। अब सिर्फ तीन-चार मुद्दों पर चर्चा होनी है और किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है। एक अधिकारी ने बताया कि करीब 125-130 उत्पाद श्रेणियों को लेकर बातचीत हो रही है। हमने शुल्क रियायत के लिए नहीं कहा है। जिन उत्पादों पर बात हो रही है, उनमें शराब, सिगरेट जैसे उत्पाद शामिल हैं। 14 जनवरी को दोनों देशों के बीच पांचवें दौर की बात हुई है।

**नई दिल्ली।** भारत और ओमान के बीच हो रहे एफटीए के तहत भारतीय उत्पादों को ओमान के बाजार में पहुंच मिलेगी। साथ ही ओमान के सेवा क्षेत्र में भी भारत को पहुंच हासिल होगी। भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर बातचीत जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत ने इस सौदे के तहत 100 से अधिक उत्पादों पर ड्यूटी को लेकर ओमान से रियायत की मांग नहीं की है। हालांकि दोनों देशों के बीच एफटीए पर बातचीत लगभग समाप्त हो चुकी है, लेकिन ओमान ने कुछ उत्पादों के प्रस्ताव में संशोधन की मांग की है।

भारत और ओमान के बीच हो रहे मुक्त व्यापार समझौते को व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता कहा जा रहा है। इस पर औपचारिक रूप से नवंबर 2023 से बात शुरू हुई थी। ओमान का आयात शुल्क 0 से 100 प्रतिशत तक है, साथ ही विशिष्ट शुल्क भी मौजूद हैं।

ओमान, भारत के पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर शुल्क में रियायत देने की मांग कर रहा है। हालांकि भारत का पेट्रोकेमिकल उद्योग शुल्क पर रियायत नहीं देने की अपील कर रहा है। भारतीय उद्योगों का कहना है कि ओमान को पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर रियायत देने से ओमान के उत्पादों की भारतीय बाजार में बाढ़ आ जाएगी और इसका भारतीय उद्योग पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। ओमान खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। थिंक टैंक जीटीआरआई (ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इंस्टीट्यूट) के अनुसार, लोहा और इस्पात, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी जैसे 3.7 अरब अमरीकी डॉलर मूल्य के भारतीय सामान को ओमान में बढ़ावा मिलेगा।

# कर राजस्व में वृद्धि के कारण 'भारत' का राजकोषीय घाटा कम होने की उम्मीद : विश्व बैंक

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ते कर राजस्व के कारण भारत में राजकोषीय घाटा लगातार कम होने की संभावना जताई जा रही है। इस ट्रेंड को सरकार के राजकोषीय कंसोलिडेशन प्रयासों को बढ़ावा देने के रूप में देखा जा रहा है।




विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में, राजकोषीय घाटे में कमी जारी रहने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण कर राजस्व में वृद्धि है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर भारत अपनी सुधरती राजकोषीय स्थिति के साथ मजबूत स्थिति में है, दूसरे दक्षिण एशियाई देशों में राजकोषीय घाटा स्थिर रहने का अनुमान है। दूसरे दक्षिण एशियाई देशों में राजकोषीय घाटा स्थिर रहने का कारण पाकिस्तान में उच्च ब्याज भुगतान और बांग्लादेश में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश द्वारा राजकोषीय एडजस्टमेंट की भरपाई किया जाना है। राजकोषीय परिदृश्य में सुधार के बावजूद, रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि दक्षिण एशिया में सरकारी ऋण-से-जीडीपी अनुपात उच्च बना रहेगा, हालांकि इसमें धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है। लगातार उच्च उधारी लागत के कारण कई देशों में ऋण-सेवा लागत के उच्च बने रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, क्षेत्र में सरकारी ऋण-से-जीडीपी अनुपात में धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है, लेकिन वे उच्च बने रहेंगे। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थिर विनिमय दरों के कारण क्षेत्र में मुद्रास्फीति में अनुमानित अवधि के दौरान नरमी आने का अनुमान है। भारत, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में मुद्रास्फीति लक्ष्य सीमा के भीतर या उससे नीचे रहने की उम्मीद है।

# बीते वर्ष भारतीय कंपनियों के विदेशी निवेश में जबरदस्त उछाल

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों द्वारा विदेशी निवेश कैलेंडर वर्ष 2024 में 17 प्रतिशत बढ़कर 37.7 बिलियन डॉलर हो गया, जो इससे पिछले वर्ष 32.29 बिलियन डॉलर था। यह हमारे कॉर्पोरेट क्षेत्र के बढ़ते कद को दर्शाता है। इक्विटी निवेश वाले एफडीआई में 2023 में 9.08 बिलियन डॉलर से 2024 के दौरान 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 12.69 बिलियन डॉलर हो गया। लोन कैटेगरी के तहत, भारतीय कंपनियों द्वारा आउटबाउंड एफडीआई 2024 में 8.7 बिलियन डॉलर रहा, जो इससे पिछले वर्ष 4.76 बिलियन डॉलर था।



भारतीय फर्मों द्वारा विदेशी फर्मों को जारी की गई गारंटी, जिसमें उनकी अपनी सहायक कंपनियां भी शामिल हैं, 2024 में घटकर 16.29 बिलियन डॉलर रह गई, जबकि 2023 में यह 18.44 बिलियन डॉलर थी। कंस्ट्रक्शन और इंजीनियरिंग की दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने फरवरी 2024 में अपनी सऊदी अरब की सहायक कंपनी एलएंडटी हाइड्रोकार्बन सऊदी कंपनी में 2.4 बिलियन डॉलर का निवेश किया। यह इस साल किसी भारतीय कंपनी द्वारा किया गया सबसे बड़ा विदेशी निवेश था। एलएंडटी की एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में सऊदी की सरकारी स्वामित्व वाली अरामको से गैस कंपनी की विस्तार परियोजनाओं के लिए 4 बिलियन डॉलर का ऑर्डर हासिल किया। एलएंडटी की पावर ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रिब्यूशन आर्म को सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में बिजली ग्रिड का विस्तार और मजबूती देने के लिए 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये के बीच के मेगा ऑर्डर मिले हैं।

# ग्रामीण इलाकों की योजनाओं पर व्यय बढ़ा सकती है सरकार, जीडीपी वृद्धि दर से कम रहेगी खर्च दर



**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का मानना है कि ऐसा होता है तो इससे गांव के लोगों की आय में सुधार होगा और खर्च भी बढ़ेगा। लेकिन इसके साथ बचत बढ़ाने की भी जरूरत है। जैसे-जैसे ग्रामीण भारतीयों की आय में सुधार होगा, ग्रामीण उपभोग में भी वृद्धि होने की संभावना है, लेकिन ग्रामीण विकास में भी तेजी आनी चाहिए।

वैश्विक ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैश का मानना है कि इस बार के बजट में ग्रामीण इलाकों से जुड़ी योजनाओं का आवंटन बढ़ सकता है। इसमें कल्याणकारी योजनाओं से लेकर अन्य योजनाएं शामिल होंगी। हालांकि, आगे ऐसी योजनाओं पर सरकार के खर्च की वृद्धि दर जीडीपी वृद्धि दर से कम रह सकती है।


### आजीविका के लिए कृषि पर ज्यादा निर्भरता

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के पंजीकृत सलाहकार विकास आनंद कहते हैं, पिछले दस वर्षों में गैर-कृषि नौकरियों में कार्यरत लोगों के जीवन में कुछ खास बदलाव नहीं हुआ है। आजीविका के लिए कृषि पर निर्भरता अधिक थी क्योंकि कृषि आय वृद्धि सीमाबद्ध थी। शहरी आय वृद्धि बेहतर रही है। यही कारण है कि शहरी भारत ने ग्रामीण भारत की तुलना में आय और उपभोग वृद्धि के मामले में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।

### गैर-कृषि नौकरियों के लिए बेहतर दृष्टिकोण

इस दशक में ग्रामीण भारत के लिए दृष्टिकोण अलग हो सकता है, क्योंकि गैर-कृषि नौकरियों के लिए दृष्टिकोण बेहतर दिख रहा है। घरेलू जरूरतों के साथ-साथ निर्यात के लिए भारत के विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ाने पर जो जोर दिया जा रहा है, उसमें गैर-कृषि नौकरियों की उपलब्धता में सुधार करने की क्षमता है। लाडली बहना जैसी योजनाएं ग्रामीण उपभोग और/या बचत के लिए अच्छा संकेत हैं। ग्रामीण प्रति व्यक्ति आय भी उस मोड़ के करीब है जहां से गैर-खाद्य खपत बढ़नी चाहिए। जो कंपनियां इन ग्राहकों की सेवा पर ध्यान केंद्रित करती हैं उन्हें बेहतर विकास संभावनाओं से लाभ हो सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- जब आप झूठ बोलते है आपकी नाक गर्म हो जाती है।
- अगर आप किसी को पहले से संदेश भेजते हैं तो 90 प्रतिशत संभावना है कि वो इंसान आप में रुचि नहीं रखता है।
- होमोसेक्सुएलिटी को स्वीडन में 1979 तक एकबीमारी समझा जाता था।
- बिल्लियां अपने चेहरे को अगर किसी चीज से घिसती हैं तो उसका मतलब है कि वो उसे अपनी चीज समझती हैं।
- अगर आप हेडफोन का एक घंटे तक इस्तेमाल करते हैं इसका मतलब होता है कि आपके कानों में बैक्टिरिया 700 गुना तक बढ गये हैं।
- पादने से शरीर का ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता हैं।
- काले रंग के लोगो को कम दिल का दौरा पड़ता हैं।
- आप चौंक जायेंगे जब आप देखेंगे कि कोका कोला का इस्तेमाल टायलेट धोने में भी किया जा सकता है।
- आपके पेट में एक दुसरा दिमाग होता है जिसे एनट्रेरिक नर्वस सिस्टम कहते हैं। इसी से अंग्रेजी में अक्सर कही जाने वाली लाइन गट फीलिंग आती है।

## राशिफल

**मेष:** नए मौके के साथ-साथ अच्छी खबर भी मिल सकती है। काम को मनोरंजन के साथ न मिलाएँ। ऐसी जानकारियों को उजागर न करें जो व्यक्तिगत गोपनीय हों।

**वृष:** दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा, काम के सिलसिले में अच्छे नतीजे मिलेंगे। बरसों से जिस दिन की तलाश थी आज वही दिन है।

**मिथुन:** आज दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी-सी मेहनत से ही आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बना सकते हैं।

**कर्क:** आज बेरोजगार लोग कोशिश करेंगे और अपने कड़ी मेहनत का पूरा परिणाम प्राप्त करेंगे। जीवन साथी से समर्थन प्राप्त होगा।

**सिंह:** आप प्रयासों को गति देंगे। लाभ बढ़ेगा और इनकम में बढ़ोतरी होगी। कोई नया आइडिया आप को आगे बढ़ाने में सहायक साबित होगा।

**कन्या:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

**तुला:** आज सभी कार्यो में आपके लिये प्रवेश द्वार खुले नजर आएंगे। नए कामकाज की योजना भी बना सकते हैं। नया वाहन नए घर का सुख संयोग में है।

**वृश्चिक:** आपको खर्चो पर नियंत्रण पाने के लिए अपना बजट प्लान करने की जरूरत है। आपके खर्चे काफी बढ़े हुए जिन्हें नियंत्रण में रखना आपकी जिम्मेदारी है।

**धनु:** आज दिन शानदार रहेगा। कोई दोस्त आपसे घर पर मिलने आ सकता है। साथ में कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आपके अधूरे काम पूरे हो जायेंगे।

**मकर:** आज का दिन आत्मविश्वास में बढ़ोतरी के संकेत दे रहा है। कोई करीबी दोस्त फरेब कर सकता है। आपका सामना कठिनाईयों से हो सकता है।

**कुंभ:** आपको आज भाग्य का साथ मिलेगा। थोड़ा संघर्ष आपने किया है, उसका फल भी आपको आज मिल सकता है। किसी सुखद यात्रा पर जाने के योग बनेंगे।

**मीन:** आज तरक्की के नये साधन मिल सकते हैं। अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा।

## चुटकुले

गोलू बड़ा परेशान बैठा था।
भोलू- क्या हुआ यारा।
गोलू क्या बताऊं आज टीचर कह रही थी...जिंदगी चार दिन की है।
लेकिन मैंने रिचार्ज तो 84 दिन का करवा लिया।

---

बैंक लूटने के बाद...
डाकू- तुमने मुझे देखा
क्लर्क- हां
डाकू ने क्लर्क को गोली मारकर एक आदमी से पूछा- तुमने कुछ देखा...
आदमी- नहीं, पर मेरी पत्नी ने देखा है, साथ में कह रही है पुलिस को भी बताएगी।

---

टीचर- एक औरत एक घंटे में 50 रोटी बना लेती है, तो तीन औरतें एक घंटे में कितनी रोटी बनाएंगी?
बच्चा- एक भी नहीं, क्योंकि तीनों मिलकर सिर्फ चुगली करेंगी।
बच्चे की बात सुनकर टीचर बेहोश।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# साजिद, अबरार की फिरकी ने पाकिस्तान को वेस्टइंडीज पर 127 रनों से जीत दिलाई

**मुल्तान ।** साजिद खान और अबरार अहमद ने गेंदबाजी में कहर बरपाते हुए 77 रनों पर कुल नौ विकेट चटकाए, जिससे पाकिस्तान ने 251 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए रविवार को मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज पर 127 रनों से जीत दर्ज कर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।



पहली पारी में 25.2 ओवर में 137 के स्कोर पर ढेर होने के बाद, वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में 36.3 ओवर में 123 रनों पर आउट हो गई, जिससे वह लक्ष्य से 128 रन पीछे रह गई। केवल पांचवें नंबर के बल्लेबाज एलिक अथानाज ने 68 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 55 रन बनाकर अच्छा स्कोर बनाया।

साजिद, जिन्होंने दूसरी पारी में 50 टेस्ट विकेट भी पूरे किए, ने 5-50 के आंकड़े के साथ वापसी की और अपने मैच विकेटों की संख्या को नौ तक पहुंचाया, जबकि अबरार ने 11.3 ओवर में 4-27 के साथ योगदान दिया। यह साजिद का चौथा टेस्ट पांच विकेट था।

वेस्ट इंडीज ने अपने पहले चार विकेट साजिद को दिए और 12.5 ओवर में 37-4 पर सिमट गई। अथानाज ने टेविन इमलाच के साथ छठे विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी की और सातवें विकेट के लिए केविन सिंक्लेयर के साथ 28 रन की साझेदारी की।

95 के स्कोर पर इमलाच के आउट होने के बाद, वेस्टइंडीज आखिरी चार विकेट के लिए केवल 28 रन ही जोड़ सका। पहली पारी में पांच बल्लेबाजों को आउट करने वाले नोमान अली ने दूसरी पारी में एक विकेट लिया।

इससे पहले दिन में, पाकिस्तान ने अपने रात के स्कोर 109-3 से आगे खेलना जारी रखा और 46.4 ओवर में 157 रन पर ढेर हो गया। जोमेल वारिकन ने 18 ओवर में 7-32 के आंकड़े के साथ वेस्टइंडीज के लिए मैच में 10 विकेट लिए।

पाकिस्तान ने 230 और 46.4 ओवर में 157 रन पर ऑल आउट, (शान मसूद 52, मोहम्मद हुरैरा 29; जोमेल वारिकन 7-32) ने वेस्टइंडीज को 137 और 36.3 ओवर में 123 रन पर ऑल आउट (एलिक अथानाज 55; साजिद खान 5-50, अबरार अहमद 4-27) से 127 रन से हराया।

# अल्काराज ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की कार्लोस अल्काराज की कोशिशें पटरी पर बनी हुई हैं, क्योंकि जैक ड्रेपर को मेलबर्न में रविवार को चौथे दौर के मुकाबले से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।



स्पैनियार्ड ने 7-5, 6-1 से बढ़त बनाई, जब ड्रेपर, जिन्होंने हार्ड-कोर्ट मेजर में अपने पहले तीन राउंड में से प्रत्येक में पांच सेट खेले थे, को रुकने के लिए मजबूर होना पड़ा। बाद में ड्रेपर ने बताया कि वह पूरे सप्ताह अपने कूल्हे में टेंडिनाइटिस का प्रबंधन कर रहे थे। अल्काराज अब अपने 10वें ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में हैं, जिसमें उनका मुकाबला रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच या जिरी लेहेका से होगा।

कोर्ट पर अपने साक्षात्कार में अल्काराज ने कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया में एक और क्वार्टर फाइनल में खेलने के लिए खुश हूं लेकिन जैक के लिए थोड़ा दुखी हूं, वह एक अच्छा इंसान है। वह चोटिल होने का हकदार नहीं है।

वह चोट के कारण सीजन की शुरूआत अच्छी तरह से नहीं कर सका। हमें प्रीसीजन का एक अच्छा हफ़्ता (एक साथ) बिताना चाहिए था, लेकिन हम चोट के कारण ऐसा नहीं कर सके। मैं उसके लिए थोड़ा दुखी हूं, लेकिन मुझे यकीन है कि वह और मजबूत होकर वापस आएगा और मैं उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करना चाहता हूं।

ड्रेपर की सेवानिवृत्ति तब हुई जब अल्काराज ने रॉड लेवर एरिना के अंदर शानदार अंदाज में पहले सेट की चूक को सुधार लिया था। तीसरे वरीय खिलाड़ी ने शुरूआत में 5-2 की बढ़त बना ली थी और जब उन्होंने गेम का निराशाजनक, अव्यवस्थित क्रम बनाया, तो वे पूरी तरह से नियंत्रण में थे, जिससे ब्रिटिश खिलाड़ी 5-5 से बराबरी पर आ गया।

हालांकि, वहां से अल्काराज ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अगले नौ में से आठ गेम जीते, जबकि ड्रेपर, जिन्हें पहले सेट के अंत में ऑफ-कोर्ट मेडिकल टाइमआउट मिला था, मेलबर्न में अपने शुरूआती सप्ताह के वीरतापूर्ण प्रदर्शन के कारण थकान महसूस करने लगे।

अल्काराज ने कहा, मैं कोर्ट पर जिस स्तर पर खेल रहा हूं, उससे मैं खुश हूं। ऑस्ट्रेलिया में मैं कोर्ट के बाहर बहुत सहज महसूस कर रहा हूं। मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है। शारीरिक रूप से मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूँ, इसलिए ग्रैंड स्लैम के दूसरे सप्ताह में शारीरिक रूप से अच्छा महसूस करना बहुत जरूरी है। क्योंकि अभी मैच और भी कठिन हैं। मैं बस तैयार हूं। मुझे लगता है कि मैं कोर्ट के बाहर भी बहुत अच्छा कर रहा हूं।

# ईश्वरन उंगली के फ्रैक्चर के कारण बंगाल के आगामी रणजी ट्रॉफी मैचों से बाहर रहेंगे

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन अपने दाहिने हाथ की बीच वाली उंगली में फ्रैक्चर के कारण बंगाल के आगामी रणजी ट्रॉफी मैचों से बाहर रहेंगे। ईश्वरन ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान भारतीय टीम के सदस्य थे, लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। भारत यह सीरीज 1-3 से हारा।



रविवार को सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि ईश्वरन को सीएबी लीग में एक क्लब मैच खेलते समय फ्रैक्चर हुआ और उसे ठीक होने में कम से कम तीन सप्ताह का समय लगेगा।

29 वर्षीय ईश्वरन ने 101 प्रथम श्रेणी मैचों में 48.87 की औसत से 7674 रन बनाए हैं, जिसमें 27 शतक और 29 अर्धशतक शामिल हैं और उनका उच्चतम स्कोर 233 रहा है। वह भारत ए टीम के नियमित सदस्य रहे हैं और कुछ मैचों में उनकी कप्तानी भी की है।

सिडनी में पांचवां टेस्ट जल्दी खत्म होने के बाद, ईश्वरन जल्दी से वडोदरा चले गए और विजय हजारे ट्रॉफी के बंगाल के प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में शामिल हुए, जहां उन्होंने 10 रन बनाए और हरियाणा ने 72 रनों से जीत दर्ज की।

उनकी अनुपस्थिति ने रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी के घरेलू मैचों में हरियाणा और पंजाब की मेजबानी करने से पहले, बल्लेबाजी क्रम में बंगाल के लिए एक बड़ा खालीपन छोड़ दिया है। अंक तालिका में, बंगाल पांच मैचों में 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जो शीर्ष पर काबिज हरियाणा (20 अंक) और केरल (18 अंक) से पीछे है। रणजी ट्रॉफी के आगामी दौर में रवींद्र जडेजा (सौराष्ट्र), ऋषभ पंत (दिल्ली), शुभमन गिल (पंजाब), रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल (दोनों मुंबई) जैसे खिलाड़ी अपनी-अपनी राज्य टीमों के लिए खेलते नजर आएंगे, जबकि केएल राहुल और विराट कोहली विभिन्न चोटों के कारण बाहर हैं।

# गॉफ ने बेनसिक को हराकर क्वार्टरफाइनल में बडोसा से भिड़ंत तय की

**मेलबर्न।** नंबर 3 वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की। उन्होंने रॉड लेवर एरिना में नई मां बेलिंडा बेनसिक पर 5-7, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। गॉफ ने स्विट्जरलैंड की 2021 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेनसिक के खिलाफ अपने राउंड-ऑफ-16 मैच में सीजन का अपना पहला सेट गंवा दिया। हालांकि, अमेरिकी खिलाड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए 2 घंटे और 26 मिनट में जीत दर्ज की और अपने 2025 के जीत-हार के रिकॉर्ड को 9-0 तक बढ़ाया। वह 2012-2013 में विक्टोरिया अजारेंका के बाद से एक सीजन में लगातार 9-0 की शुरूआत करने वाली पहली महिला भी बनीं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, 20 वर्षीय गॉफ 1992-1993 में मोनिका सेलेस के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की महिला भी हैं। 2023 यूएस ओपन चैंपियन गॉफ ने प्रमुख आयोजनों में सफलता की अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए अपने आठवें करियर ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।



# पैट राफ्टर लेवर कप में टीम वर्ल्ड के नए उप कप्तान बने

**सैन फ्रांसिस्को।** ऑस्ट्रेलियाई टेनिस दिग्गज और पूर्व विश्व नंबर 1 पैट राफ्टर को लेवर कप के लिए टीम वर्ल्ड के उप कप्तान की भूमिका के लिए चुना गया है, जो कप्तान आंद्रे अगासी के साथ मिलकर काम करेंगे।



राफ्टर अमेरिकी पैट्रिक मैकेनरो का स्थान लेंगे, जो 2017 में प्राग में उद्घाटन लेवर कप के बाद से टीम वर्ल्ड के उप कप्तान थे।

लेवर कप ने एक बयान में कहा, दो बार के यूएस ओपन चैंपियन राफ्टर 19-21 सितंबर तक सैन फ्रांसिस्को के प्रतिष्ठित चेस सेंटर में होने वाले टूनामेंट के आठवें संस्करण में अपनी नई स्थिति में पदार्पण करेंगे। एक खिलाड़ी के रूप में, ऑस्ट्रेलियाई आइकन अपने करियर के दौरान खेल के उच्च स्तर पर एक स्थायी खिलाड़ी थे, जिसका मुख्य आकर्षण 1997 और 1998 में उनके लगातार यूएस ओपन खिताब थे। वह 2000 और 2001 में विंबलडन फाइनल में भी पहुंचे और 1999 में विश्व नंबर 1 थे।

राफ्टर ने लेवर कप द्वारा साझा किए गए एक बयान में कहा, मैं पेशेवर खेल में वापस आने और आंद्रे के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं - इस बार नेट के एक ही तरफ! हम बहुत पुराने हैं और हालांकि वह मेरे सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों में से एक थे, मेरे मन में उनके लिए सम्मान के अलावा कुछ नहीं है। फिर से जुड़ना, खिलाड़ियों को जानना और उम्मीद है कि मौजूदा पीढ़ी के चैंपियन को प्रेरित करना बहुत अच्छा होगा।"

इस साल पहली बार टीम वर्ल्ड का नेतृत्व करने वाले अगासी ने राफ्टर के शामिल होने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, पैट का अनुभव, नेतृत्व और चरित्र उन्हें इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त बनाता है। उनकी विरासत अपने आप में बहुत कुछ कहती है और मैं जानता हूं कि खिलाड़ियों और मुझे उनकी अंतर्दृष्टि और व्यवहार से बहुत लाभ होगा। हम साथ मिलकर सैन फ्रांसिस्को में जीत के लक्ष्य के साथ एक मजबूत और प्रतिबद्ध टीम बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

# श्रीलंका दौरे से पहले स्मिथ को कोहनी में चोट लगी, अंगूठे की सर्जरी करवा रहे हैं कुहनेमन

**नई दिल्ली ।** श्रीलंका के टेस्ट दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ कोहनी की चोट के कारण चोटिल हो गए हैं, लेकिन उम्मीद है कि वह इस सप्ताह के अंत में दुबई में प्री-टूर कैंप में शामिल होंगे, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को यह जानकारी दी।



सीए ने कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलते समय अपने अंगूठे में हुए फ्रैक्चर की सर्जरी के बाद ठीक हो रहे हैं, जबकि नियमित कप्तान पैट कमिंस के बाएं टखने के दर्द की रिकवरी पर विशेषज्ञ की सलाह के बाद निगरानी जारी रहेगी।

शुक्रवार को बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए फील्डिंग करते समय स्मिथ को दाहिनी कोहनी में चोट लग गई। सिडनी थंडर के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द हो गया।

रविवार को उन्हें अपने दाहिने हाथ पर कोहनी का ब्रेस पहने देखा गया, जहां 2019 में उनका ऑपरेशन हुआ था। सीए ने कहा कि चोट के बावजूद, स्मिथ इस सप्ताह के अंत में दुबई में टेस्ट टीम में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं, जिसके बाद आगे के विशेषज्ञ इनपुट मिलेंगे और अपडेट के बारे में जानकारी साझा की जाएगी।

कुहनेमन के बारे में, सीए ने कहा कि जब तक उनके अंगूठे का फ्रैक्चर ठीक नहीं हो जाता, तब तक वह ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे। सीए ने कहा, अगर उनकी प्रगति अच्छी रही तो वह श्रीलंका में टीम में शामिल होने के उद्देश्य से इस सप्ताह गेंदबाजी फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

कुहनेमन ने 2023 की शुरूआत में भारत दौरे पर तीन टेस्ट खेले थे और एक बार पांच विकेट भी लिए थे। उसके बाद, वह टीम से बाहर थे।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन: सबालेंका लगातार तीसरे क्वार्टरफाइनल में

**मेलबर्न।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रविवार को मीरा एंड्रीवा को 6-1, 6-2 से हराकर लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।



यह जीत सबालेंका की ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार 18वीं जीत थी। मेलबर्न पार्क में जीत का सिलसिला जारी रहने से वह इस दशक में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में विक्टोरिया अजारेंका की बराबरी पर आ गई हैं। वह लगातार तीसरा ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं।

दो बार की गत विजेता सबालेंका, जो पिछले साल रौलां गैरो में एंड्रीवा से अपनी एकमात्र पिछली मुलाकात में हार गई थीं, ने 17 वर्षीय खिलाड़ी की सर्विस चार बार तोड़ी और इस दौरान अपनी सर्विस भी नहीं खोई, जिससे कुल मिलाकर हेड-टू-हेड में स्कोर 4-1 हो गया।

डब्ल्यूटीए के अनुसार, रॉड लेवर एरिना में दोपहर की धूप में तेज परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए सबालेंका ने 11 अनफोर्स्ड गलतियों के मुकाबले 15 विनर्स लगाए और तीन ऐस भी लगाए। मीरा के खिलाफ हमेशा मुश्किल मैच होते हैं; वह बहुत छोटी है लेकिन बहुत परिपक्व है ।

# गिल को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उप-कप्तान बनाना उनकी क्षमता के बारे में बहुत कुछ बताता है : रैना

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया जाना एक ऐसा कदम है जो भविष्य के लीडर के रूप में उनकी क्षमता के बारे में बहुत कुछ बताता है।

गिल ने पिछले साल श्रीलंका के व्हाइट-बॉल दौरे में भारत के उप-कप्तान के रूप में काम किया, और इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में अपना स्थान बरकरार रखा। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि उन्होंने नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए पर्याप्त गुण दिखाए हैं।



रैना ने कहा, बिल्कुल। मुझे लगता है कि शुभमन गिल भारत के अगले सुपरस्टार हैं। उन्होंने एकदिवसीय टीम में उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। जब आप किसी युवा खिलाड़ी को इतना अच्छा अवसर देते हैं, जैसे कि उसे आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में उप-कप्तान बनाना, तो यह उसकी क्षमता के बारे में बहुत कुछ बताता है।

रोहित शर्मा स्पष्ट रूप से जानते हैं कि अगला कप्तान कौन होगा। शुभमन गिल हमारे द्वारा देखे गए सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक हैं, खासकर आईपीएल में गुजरात टीम का नेतृत्व करने के मामले में। पिछले 12-16 महीनों में उन्होंने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह इस निर्णय को सही साबित करता है। इसलिए रोहित उनके साथ ओपनिंग करेंगे - यह चयनकताओं और खुद रोहित शर्मा द्वारा उठाया गया एक बेहतरीन कदम है।"

रैना ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो में कहा, रोहित ने देखा है कि गिल किस तरह से नेतृत्व करते हैं, ठीक वैसे ही जैसे विराट कोहली करते थे। गिल का मैदान पर काम करने का तरीका असाधारण है। वह टीम को जानते हैं, आगे से नेतृत्व करते हैं और खेल के बारे में उनकी गहरी समझ है। चयनकताओं और रोहित द्वारा यह बहुत अच्छा कदम है, ।

भारत के 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाले अभियान के सदस्य रैना का मानना है कि टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को टीम के आगामी 50 ओवर के मैचों में शामिल किया जाना चाहिए था, उन्होंने उन्हें टीम में लापता एक्स-फैक्टर कहा।

# मनु भाकर की नानी और मामा की सड़क दुर्घटना में मौत

**चरखी दादरी ।** देश का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद 'खेल रत्न' मिलने के दो दिन बाद ही अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी मनु भाकर की नानी और मामा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।



यह हादसा महेंद्रगढ़ बाइपास रोड पर स्कूटी व ब्रेजा गाड़ी की टक्कर से हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनु भाकर के मामा और नानी की मौके पर ही मौत हो गई।

दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मौके पर थाना शहर प्रभारी सहित पुलिस जांच में जुटी हुई है।

दो दिन पूर्व ही मनु भाकर को राष्ट्रपति से खेल रत्न अवॉर्ड मिला था। लेकिन अब इस घटना से उनकी खुशियों पर ग्रहण लग गया है। मनु 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दोहरे कांस्य पदक जीतकर पेरिस में आयोजित ओलंपिक खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं।

टोक्यो ओलंपिक में अपने निराशाजनक अभियान के बाद, जहां वह पिस्तौल की खराबी के कारण पदक जीतने से चूक गई थी, 22 वर्षीय मनु ने पेरिस ओलंपिक में इतिहास रच दिया, वह स्वतंत्रता के बाद एक ही ओलंपिक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई।

पेरिस ओलंपिक में उसने अपना पहला पदक जीता जब उसने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता। यह पदक 20 वर्षों में किसी व्यक्तिगत स्पर्धा में ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला निशानेबाज बनने के एक दिन बाद आया। वह 0.1 अंक से रजत पदक से चूक गई।

# जोकोविच ने लेहेका को आसानी से हराया क्वार्टर फाइनल में अल्काराज से भिड़ेंगे

**मेलबर्न ।** पूर्व नंबर एक नोवाक जोकोविच ने एक और मास्टरक्लास प्रदर्शन करते हुए रविवार को रॉड लेवर एरिना में 24वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका को 6-3, 6-4, 7-6(4) से हराया। उनकी दो घंटे, 39 मिनट की जीत का मतलब है कि उन्होंने हार्ड-कोर्ट मेजर में 15 पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।



अपनी जीत के साथ, जोकोविच ने अपने महान प्रतिद्वंद्वी अल्काराज के साथ हार्ड कोर्ट पर पहली ग्रैंड स्लैम मीटिंग बुक की, जो इससे पहले जैक ड्रेपर से 7-5, 6-1 से आगे थे जब ड्रेपर अपने चौथे दौर के मुकाबले से रिटायर हो गए थे। जोड़ी की लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में जोकोविच अल्काराज से 4-3 से आगे हैं, हालांकि अल्काराज ने मेजर में जोड़ी के तीन पिछले मुकाबलों में से दो जीते हैं।

लगातार दूसरे मैच में, मेलबर्न पार्क में रिकॉर्ड 10 बार खिताब जीतने वाले इस खिलाड़ी ने संभावित रूप से खतरनाक, कठोर चेक प्रतिद्वंद्वी को आसानी से हराने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। टॉमस मचाक के खिलाफ तीसरे राउंड की तरह, 37 वर्षीय जोकोविच ने बेसलाइन से दबदबा बनाया और लेहेका को पछाड़ दिया, खासकर महत्वपूर्ण क्षणों में। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, सर्बियाई खिलाड़ी ने मैच में सिर्फ 21 अनफोर्स्ड एरर किए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी ने 44 किए।

मैच के बाद जोकोविच ने यूरोस्पोर्ट से कहा, मुझे बहुत अच्छा लगा। यहां-वहां कुछ रुकावटें आईं, तीसरे राउंड में मैंने उनकी सर्विस तोड़ दी, उसके बाद खेल ढीला पड़ गया। उसके बाद मेरे पास उनकी सर्विस तोड़ने के मौके थे, लेकिन जब भी मुझे उनकी सर्विस तोड़ने का मौका मिला, उन्होंने बड़ी सर्विस की। बहुत शक्तिशाली और सटीक।

# लक्ष्य त्यागी का वाग्दान समारोह सृष्टि त्यागी के साथ धूमधाम से संपन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लक्ष्य त्यागी तथा सृष्टि त्यागी का वाग्दान समारोह शनिवार को वेव सिटी के कृष्णा पैलेस में आयोजित समारोह में धूमधाम से संपन्न हुआ। वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और लक्ष्य त्यागी तथा सृष्टि त्यागी को आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किया।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की लिट्टी चोखा दावत में पहुंचे सभी समाज के लोग



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने रविवार को पूर्वांचल समाज के गणमान्य लोगों के लिए लिट्टी चोखा की दावत का आयोजन किया। वसुंधरा की राधा गोविंद वाटिका में आयोजित समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई।




## टाई को लेकर टाइट ना किए जाएं एसीपी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के आदेशों व निर्देशों की चर्चाएं व तस्वीरें दूर तक देखी जाती हैं और यहां की चर्चा भी रहती है। बीते दिनों गजेटेड अधिकारियों को टाई पहनने वाला फरमान पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद में सुनाया गया था। टाई को लेकर बाकायदा निर्देश दिए गए, तो बीते कुछ दिनों से पुलिस के गजटेड अधिकारियों की टाई वाली मीडिया बाइट भी सामने आनी शुरू हो गई हैं। हांलाकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी भी पुलिस के कई अधिकारी टाई को पहन नहीं रहे हैं और सुनने में आ रहा है कि कहीं बिन टाई वाले एसीपी साहब को अधिकारी टाइट ना कर दें। बता दें कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से पहले ही टाई वाला आदेश आ गया था। तो प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में पुलिस के गजटेड अधिकारियों ने नई वाली इंपोर्टेड जैकेट के नीचे टाई भी पहननी शुरू कर दी थी। अब पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अधिकारी घटनाक्रम में जो बाइट आती है, उसमें पुलिस के अधिकारी टाई में नजर आते हैं। इससे उनका जेंटलमैन लुक भी नजर आता है



और वह अधिक हैंडसम भी नजर आ रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि कमिश्नरेट में कई ऐसे भी गजटेड अधिकारी हैं जो टाई बांधने को लेकर कंफर्टेबल नजर नहीं आ रहे हैं। तो कई ने तो टाई बांधने की प्रैक्टिस करनी शुरू कर दी है। सुनने में आ रहा है कि देहात वाले जोन में आने वाले दिनों में टाई ना पहनने को लेकर अधिकारियों को टाइट भी किया जा सकता है। बीते दो दिनों की कई वीडियो बता रही हैं कि टाई को लेकर अभी टाइटनेस नजर नहीं आ रही है। देखना होगा कि कौन टाई वाले प्रकरण को लेकर टाइट किया जाता है। वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जनवरी का महीना थोड़ा हाई रहता है, क्योंकि पुलिस लाइन में सब फाइन रहे, इसके लिए गणतंत्र दिवस वाली परेड चल रही है। परेड को लेकर अधिकारियों का नजरिया बेहद अलर्ट वाला रहता है। परेड के मैदान में कमान से लेकर संचालन में कमी होने पर तत्काल फटकार मिल ही जाती है। वहीं बीते साल की कई घटनाएं आज भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा का विषय बनी रहती है। कुल मिलाकर देखना यह है की टाई वाले मामले को लेकर कि एसीपी को टाइट किया जाता है और कौन टाई बांधने की टाइमलाइन में पास हो जाता है।

## वसुंधरा मंडल में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने सुनी मन की बात



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी के नेतृत्व में बूथ संख्या 343, 349, 305 पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर के साथ कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रेडियो वार्ता 'मन की बात' सुनी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि, 'मन की बात' कार्यक्रम में हर बार कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। यह कार्यक्रम वास्तव में देशवासियों की उपलब्धियों, मानवता की सेवा के कार्यों और नवाचार की जानकारियों का अनूठा संगम है, जहां प्रधानमंत्री की ज्ञान, विज्ञान की बातें, स्वस्फूर्त रूप से देशवासियों के लिए समर्पित होकर किए जा रहे कार्यों और नई नई जानकारियां सुनने वालों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करती है।

वहीं बूथ नबंर 305 पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी के निवास पर प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। 'मन की बात' कार्यक्रम के 118वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत आत्मनिर्भर की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की। स्पेस डॉकिंग करने के लिए आईएसरो को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि संविधान लागू होने के 75 साल पूरे हो रहे हैं। इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है। गणतंत्र दिवस की देशवासियों को अग्रिम शुभकामनाएं. पीएम मोदी ने संविधान सभा से जुड़े महापुरुषों को नमन किया। संविधान सभा ने सभी के हितों के लिए काम किया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संविधान सभा ने लोकतंत्र में जन भागीदारी को स्थान दिया। इस अवसर पर मंजू त्यागी, कांति त्यागी, अभिषेक पंडित, अजीत सिंह, वीरेन्द्र प्रताप, परितोष त्यागी, अमरेश चौधरी, राहुल तिवारी, सुनील राय, प्रदीप सिंह, अनिल शर्मा, बिक्रम बंसल, आशीष चौधरी, अजीत सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, हरिओम भाटी, आकाश चौधरी, सुमित मावी, विनय अग्रवाल, वैभव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीराम की शोभा यात्रा का प्रारम्भ पार्षद रवि भाटी ने झंडी दिखाकर किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री राम जन्म मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर, श्री शिव शक्ति पंचमुखी हनुमान जी मंदिर सेवा समिति एवं सभी निवासियों के सहयोग से स्वामी विवेकानंद कंपाउंड शालीमार गार्डन मैन में शोभा यात्रा एवं सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया। शोभा यात्रा में भाजपा वरिष्ठ नेता कालीचरण पहलवान, बी के माथुर धार्मिक मित्र मण्डल समिति महासचिव, वेद प्रकाश शर्मा, अमर सिंह, अनुज गुप्ता, सुदीप शर्मा, डी के रावत, दिया कौशल, दीपक मौली इत्यादि रामभक्त शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए।

# ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगी भारत की दीपिका देशवाल, विशेष निमंत्रण पर बोलीं- यह गर्व का क्षण



**अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेने वाले हैं। शपथ ग्रहण समारोह का न्यौता दुनियाभर की तमाम प्रमुख हस्तियों को भेजा गया है। इसमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक दीपिका देशवाल का नाम भी शामिल है। उन्हें समारोह में शामिल होने के लिए विशेष निमंत्रण मिला है**

**वॉशिंगटन।** दीपिका देशवाल ने कोविड 19 के दौरान निस्वार्थ सामाजिक सेवा और महिला अधिकारों की रक्षा करने के लिए काम किया। इसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया। वहीं 2023 में उन्होंने तीसरी बार संयुक्त राष्ट्र को संबोधित किया। ऐसा करने वाली वह सबसे कम उम्र की भारतीय हैं। दीपिका देशवाल दिल्ली विवि छात्र संघ की पूर्व सचिव रह चुकी हैं। साथ ही उन्होंने 2022 में कांग्रेस के टिकट पर दिल्ली नगर निगम का चुनाव लड़ा था।

एक्स पोस्ट में दीपिका देशवाल ने लिखा कि गर्व का क्षण! वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने का अवसर मिला। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड और वठ में स्पीच के लिए मिला यह सम्मान न केवल मेरा, बल्कि पूरे भारत का गौरव है। जय हिंद, जय भारत।

### शपथ ग्रहण समारोह के स्थान में किया गया बदलाव

अमेरिका में आर्कटिक तूफान जारी है। हालिया मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, सोमवार को वाशिंगटन डीसी में तापमान माइनस 11 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

खराब मौसम के कारण ट्रंप का शपथ ग्रहण कैपिटल रोटुंडा में आयोजित होगा। ट्रंप ने कहा कि वाशिंगटन में तापमान रिकॉर्ड निचले स्तर पर जा सकता है। मैं लोगों को बीमार होते नहीं देखना चाहता। यह कानून प्रवर्तन व समारोह में लगे हजारों कर्मचारियों के लिए खतरनाक होगा, जो समारोह के दिन घंटों तक बाहर रहते। आप समारोह में आ रहे हों तो कृपया गर्म कपड़े पहनें।

ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के स्थान में हुआ बदलाव आज से 40 साल पहले यानी 1985 की याद दिलाता है। जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने भी ठंड के कारण रोटुंडा में भाषण दिया था।

# युद्ध विराम समझौते के विरोध में इस्राइल की दक्षिणपंथी पार्टी, नेतन्याहू सरकार का छोड़ा साथ



**तेल अवीव।** इस्राइल-हमास के बीच हुए युद्ध विराम समझौते के विरोध में दक्षिणपंथी पार्टी ओत्जमा येहुदित ने नेतन्याहू सरकार का साथ छोड़ दिया है। पार्टी के नेता और इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के मंत्री इटमार बेन ग्वीर कहा कि उनकी पार्टी के कैबिनेट मंत्रियों ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि नेतन्याहू की सरकार पर यहूदी पार्टी ओत्जमा येहुदित के अलग होने का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इससे न तो गठबंधन टूटेगा और न ही युद्ध विराम समझौता प्रभावित होगा। मगर बेन ग्वीर के जाने से गठबंधन अस्थिर हो गया है।

इस्राइल और हमास के बीच गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई को लेकर सहमति बनी है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू सरकार की सहयोगी दक्षिणपंथी पार्टी ओत्जमा येहुदित इसे लेकर पहले भी विरोध जता चुकी है। इससे पहले पार्टी के नेता और इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के मंत्री इटमार बेन ग्वीर ने युद्ध विराम समझौते की आलोचना की थी। उन्होंने समझौते को जल्दबाजी करार दिया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि यह समझौता जल्दबाजी में किया जा रहा है। इसमें सैकड़ों हत्यारे आतंकियों की रिहाई, गाजा पट्टी में आतंकियों की वापसी, फिलाडेल्फिया से वापसी और लड़ाई की समाप्ति शामिल है। यह समझौता युद्ध की सारी उपलब्धियों को खत्म कर देगा।

उन्होंने लिखा था कि यह समझौता बंधकों को रिहाई की ओर ले जाने के साथ उन बंधकों के भविष्य के साथ अन्याय है जो इसमें शामिल नहीं है। अभी हमने हमास को हराया नहीं है। हमारे अंदर खुद को बनाने की क्षमता है। अगर यह समझौता स्वीकृत हो जाता है तो उनकी पार्टी ओत्जमा येहुदित सरकार का हिस्सा नहीं होगी।

### इस्राइली बंधकों और फलस्तीनी बंदियों की होगी रिहाई

समझौते के तहत हमास और उससे जुड़े संगठन सात अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हमलों के बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करेंगे। इसके बाद इस्राइल सैकड़ों फलस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा। यह समझौता गाजा के लोगों के लिए एक साल से अधिक समय में पहली बार संघर्ष से राहत देगा और इस्राइल के हमलों के हमलों की शुरूआत के बाद से यह दूसरी बार होगा जब गाजा में युद्धविराम होगा।

# तालिबान के रुख में आ रही नरमी, शीर्ष नेता ने लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध के खिलाफ उठाई आवाज



**काबुल।** तालिबान की छवि एक कट्टर समूह की है, जो महिलाओं की शिक्षा के खिलाफ है। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि तालिबान के कुछ नेताओं की सोच में बदलाव आया है। दरअसल तालिबान के एक शीर्ष नेता ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि महिलाओं को शिक्षा पाने से प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए और इसकी कोई वजह नहीं है। यह पहली बार है कि तालिबान के ही किसी नेता ने सार्वजनिक तौर पर सरकार की नीति की आलोचना की है।


अफगानिस्तान की तालिबान सरकार में विदेश मंत्रालय के राजनीतिक डिप्टी शेर अब्बास स्टैनिकजई ने महिला शिक्षा की पैरवी की है। अफगानिस्तान के दक्षिण पूर्वी खोस्त प्रांत में एक भाषण के दौरान स्टैनिकजई ने यह बात कही। एक धार्मिक स्कूल समारोह में स्टैनिकजई ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों को शिक्षा से वंचित करने की कोई वजह नहीं है और ऐसा बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि अफगानिस्तान सरकार ने छठी कक्षा के बाद लड़कियों के शिक्षा लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसी भी खबरें सामने आईं थी कि पिछले साल सितंबर में अफगानिस्तान की सरकार ने महिलाओं के चिकित्सा प्रशिक्षण और स्वास्थ्य पेशेवर बनने पर भी रोक लगा दी।

### महिलाओं के चिकित्सा प्रशिक्षण पर भी रोक

अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों का इलाज केवल महिला डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा ही किया जा सकता है। ऐसे में अभी तक महिलाओं के चिकित्सा प्रशिक्षण पाने पर रोक की पुष्टि नहीं हुई है।

स्टैनिकजई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडिया साझा किया है। जिसमें स्टैनिकजई ने कहा कि 'हम नेतृत्व से फिर से शिक्षा के दरवाजे खोलने का आह्वान करते हैं। हम चार करोड़ की आबादी में से दो करोड़ के साथ अन्याय कर रहे हैं। उन्हें उनके अधिकारों से वंचित कर रहे हैं। यह इस्लामी कानून में नहीं है।

# अमेरिका में बंद हुआ टिकटॉक प्रतिबंध के बाद प्ले स्टोर से भी हटाया गया एप




**वॉशिंगटन।** अमेरिका में शनिवार शाम से टिकटॉक एप बंद हो गया है। दरअसल अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लग गया है, जिसके बाद कानून प्रभावी होने से पहले ही टिकटॉक का अमेरिका में संचालन बंद हो गया। यूजर्स एप पर वीडियो नहीं देख पा रहे हैं। यूजर्स को एप पर एक मैसेज दिखाई दे रहा है, जिसमें एप पर प्रतिबंध लगाने की जानकारी दी गई है। हालांकि संदेश में कहा गया है कि हमारे साथ जुड़ रहिए। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि जल्द ही संचालन शुरू हो सकता है। प्रमुख प्लेस्टोर से हटाई गई एप टिकटॉक को प्रमुख प्ले स्टोर से भी हटा लिया गया है। टिकटॉक एप एपल और गूगल प्ले स्टोर पर नहीं दिखाई दे रही है। टिकटॉक पर बीते दिनों एक कानून बनाकर अमेरिकी सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था।

# चीनी नव वर्ष का उत्सव लाल लालटेन इस बार 12 फरवरी को मनाया जाएगा समृद्ध जीवन थीम

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कहीं दीप, कहीं मोमबत्तियां तो कहीं ज्वाला प्रज्वलित कर त्योहार मनाए जाते हैं। चीनी का ह्यलैंटर्न फेस्टिवलह्य भी इसमें एक है। यह चीनी नव वर्ष (चंद्र वर्ष) के 15 दिवसीय समारोह के अंतिम दिन पूर्णिमा को मनाया जाता है। इसे शांगयुयान महोत्सव भी कहते हैं। सौभाग्य के प्रतीक लाल रंग में नहाई लालटेन इस पर्व का मुख्य आकर्षण होती हैं।

प्राचीन काल में सम्राट और प्रभावशाली व्यक्तियों के पास ही आदि लटकाए जाते हैं। सैकड़ों लालटेन लटकी होती हैं, जिन्हें देख हर कोई रोमांचित हो जाता है। लायन एंड ड्रैगन डांस की प्रस्तुति इस समारोह का अनिवार्य हिस्सा है। कई जगहों पर आतिशबाजी भी होती है।

लालटेन महोत्सव में मृत पूर्वजों का भी स्मरण किया जाता है। यह पारंपरिक सांस्कृतिक आयोजन मेल-मिलाप, शांति और क्षमा सिखाता है। इस प्राचीन को लेकर एक प्रसिद्ध किंवदंती है कि स्वर्ग से धरती पर एक सुंदर हंस उतरा, जो स्वर्ग के जेड



आकर्षक लालटेन होती थी। परंपरागत संस्कृति के निमित्त बच्चे रात में जानवरों के आकार की लालटेन लेकर गली-मोहल्लों में जाते हैं।

लालटेनों पर लिखी पहेलियां बुझाई जाती हैं और सही उत्तर देने वालों को उपहार दिए जाते हैं। इसलिए इसे लालटेन महोत्सव नाम मिला। यह चीन के बाहर भी काफी लोकप्रिय है। यह ताइवान, हांगकांग, सिंगापुर, मलेशिया, जापान और न्यूजीलैंड में भी मनाया जाता है। अमेरिका में भी कई स्थानों पर आयोजन होते हैं। नर्तक अग्निरोधक सूट और हेलमेट पहनते हैं और चेहरों को रचनात्मक तरीके से रंग कर परेड में स्टिल्ट्स पर चलते हैं। पारंपरिक लोक नृत्य, लोक कलाएं और ड्रम परफॉरमेंस होती हैं। रिमोट कंट्रोल से नकली पक्षी उड़ाए जाते हैं। वृक्षों पर प्रकाशमय रंगीन कंदील, बतखें, फूल सम्राट को बहुत पसंद था, लेकिन कुछ ग्रामीणों ने उसका शिकार कर दिया। इससे जेड सम्राट क्रोधित हो गया। उसने 15वें चंद्र दिवस पर गांव में आग लगाने की योजना बनाई, लेकिन सम्राट की बेटी ने लोगों को पहले ही आगाह कर दिया। गांव वालों ने उस दिन घरों के आसपास बड़े-बड़े अलाव जला दिए। गांव में भीषण आग देखकर सम्राट के सैनिक दूर से ही लौट गए। इस तरह राजकुमारी ने लोगों को बचा लिया। तब से लोगों ने इस घटना की याद में हर वर्ष एक साथ लालटेन जलाना शुरू किया।

पश्चिमी हान राजवंश के समय 206 ईसा पूर्व से यह पर्व चला आ रहा है। इस बार ह्यसमृद्ध जीवनह्ण की थीम पर चीनी राशि चक्र के ह्यईयर ऑफ वुड स्नेकह्ण यानी परिवर्तन, विकास और आत्मनिरीक्षण के विचार से जुड़ा यह महोत्सव 12 फरवरी को मनाया जाएगा।

# दुकान में चोरी की तो युवक का अपहरण कर बेरहमी से पीटा भारतीय मूल का दुकानदार गिरफ्तार



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को अपहरण और हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने एक शख्स ने भारतीय मूल के आरोपी की दुकान से कुछ सामान चोरी किया था, जो दुकानदार ने देख लिया। इसके बाद भारतीय मूल के दुकानदार ने अन्य साथियों के साथ मिलकर पीड़ित शख्स का अपहरण किया और उसे बुरी तरह से पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय मूल के व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया है।

### स्टोर से चोरी के आरोपी को पीटा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कौशल कुमार पटेल का ई-जेड सुपर फूड मार्ट नाम से केंटुकी में एक रिटेल स्टोर है। बीते साल अक्तूबर में एक शख्स ने कौशल के रिटेल स्टोर से वेप पेन्स का एक डिब्बा चोरी कर लिया। कौशल ने चोर को देख लिया। जब चोर मौके से भाग गया तो कौशल ने अपने अन्य साथियों का साथ उसका पीछा किया और आरोपी चोर को पकड़ लिया।

### पुलिस ने लगाई गंभीर धाराएं

आरोप है कि कौशल ने चोर की आंखों पर मिर्च का स्प्रे कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद कौशल और उसके साथी चोर को वैन में डालकर एक गैराज में ले गए, जहां उसे बुरी तरह से पीटा गया। आरोप है कि इस दौरान कौशल और उसके साथियों ने पीड़ित शख्स के निजी अंगों में भी मिर्च का स्प्रे किया। पिटाई के बाद आरोपियनों ने पीड़ित को फिर से गाड़ी में डाला और उसे दूरदराज के इलाके में छोड़ दिया। पीड़ित ने अपने घर फोन कर घटना की जानकारी दी। शिकायत के बाद पुलिस ने बीते गुरुवार को कौशल को गिरफ्तार कर लिया।

# छह हफ्ते का संघर्ष विराम आज सुबह से, इस्राइली सेना पीछे हटेगी, हमास 33 बंधक छोड़ेगा, कैदी भी रिहा होंगे



**यरूशलम।** इस्राइल के मंत्रिमंडल ने शनिवार को गाजा संघर्ष विराम समझौते को मंजूरी दे दी है। छह हफ्ते तक चलने वाला संघर्ष विराम रविवार सुबह 8.30 बजे से लागू होगा। इसके तहत हमास पहले चरण में 33 बंधकों को रिहा करेगा और बदले में इस्राइल 700 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करेगा। इस समझौते से दोनों पक्ष अपने सबसे घातक व विनाशकारी संघर्ष को समाप्त करने के एक कदम और करीब पहुंच जाएंगे।

इस्राइली मंत्रिमंडल की बैठक यहूदी सब्बाथ की शुरूआत के बाद हुई, जो मौके के महत्व को दर्शाता है। यहूदी कानून के अनुसार इस्राइली सरकार आमतौर पर जीवन-मृत्यु के आपातकालीन मामलों को छोड़कर सब्बाथ में सभी काम रोक देती है। सब्बाथ का अर्थ होता है सप्ताह का सातवां दिन। यह शुक्रवार शाम से शनिवार शाम तक यहूदियों व कुछ ईसाइयों की तरफ से विश्राम व पूजा के दिन के रूप में मनाया जाता है। कैबिनेट में संघर्ष विराम का फैसला आठ के मुकाबले 24 वोटों से किया गया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक विशेष कार्य बल को गाजा से लौटने वाले बंधकों को लेने के लिए तैयारी करने का निर्देश दिया और कहा कि उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है कि समझौता हो गया है।

### नेतन्याहू बोले- संघर्ष विराम समझौता अस्थायी

हालांकि, नेतन्याहू ने यह भी कहा है कि यह स्थायी समझौता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्राइल का हमास के साथ जो संघर्ष विराम हुआ है।

# सैटेलाइट लॉन्चिंग को लेकर पाकिस्तान की किरकिरी लोग बोले- पानी की टंकी सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने हाल ही में एक सैटेलाइट लॉन्च की है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। हालांकि सैटेलाइट की तस्वीर जैसे ही सामने आई तो इसे लेकर सोशल मीडिया पर खूब मजाक उड़ा और खूब मीम्स शेयर किए गए हैं। कुछ लोगों ने पाकिस्तानी सैटेलाइट की तुलना पानी की टंकी से की तो किसी ने इसकी तुलना किचन में रखे गैस सिलेंडर से की।




पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सैटेलाइट की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि 'और ऊंची उड़ान पर! देश के लिए गर्व का क्षण, क्योंकि पाकिस्तान ने चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से अपने पहले स्वदेशी इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल (एड-1) उपग्रह को गर्व के साथ लॉन्च किया।' उन्होंने कहा कि 'फसल की पैदावार की भविष्यवाणी करने से लेकर शहरी विकास पर नजर रखने में ये सैटेलाइट अहम साबित होगी। रवढअफ्फ्डड के नेतृत्व में, यह अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में हमारे देश की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करता है।'

### सोशल मीडिया यूजर्स ने उड़ाया मजाक

शहबाज शरीफ के इस पोस्ट के बाद ही लोगों ने इसका मजाक बनाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने सैटेलाइट के डिजाइन की आलोचना करते हुए कहा कि यह देखने में पानी की टंकी जैसी है। एक अन्य यूजर ने लिखा कि यह बिल्कुल पानी की बड़ी बोतल जैसी है। एक यूजर ने लिखा कि पाकिस्तानी सैटेलाइट का डिजाइन नारियल के तेल की बॉटल जैसा है। एक यूजर ने लिखा कि यह मेरे घर के किचन में रखे गैस सिलेंडर जैसा है।

# शपथ ग्रहण से पहले ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग वॉशिंगटन डीसी समेत कई शहरों में हुए विरोध प्रदर्शन




**रविवार को हजारों लोगों ने ट्रंप की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लोग सड़कों पर उतरे और पीपुल्स मार्च बैनर के तले रैली निकाली**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ ग्रहण करेंगे। इससे पहले वॉशिंगटन डीसी में बताया जाता है कि प्रदर्शन में करीब पांच हजार लोगों ने भाग लिया। इसके अलावा अमेरिका के छोटे शहरों में भी प्रदर्शन हुए।

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को व्हाइट हाउस में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की जगह लेंगे। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जोरदार तैयारियां चल रही हैं। वहीं ट्रंप के शपथ ग्रहण से एक दिन पहले वॉशिंगटन डीसी की सड़कों पर लोगों ने प्रदर्शन किया। पीपुल्स मार्च में लोग ट्रंप विरोधी पोस्टर और बैनर लिए हुए थे। उन्होंने नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दिग्गज अरबपति एलन मस्क समेत कुछ अन्य समर्थकों के खिलाफ नारेबाजी की। तीन अलग-अलग पार्क से शुरू हुए मार्च लिंकन मेमोरियल के पास संपन्न हुए।

बताया जाता है कि जनवरी 2017 में जब ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने थे तब भी पीपुल्स मार्च का आयोजन किया गया था। प्रदर्शन के दौरान पीपुल्स मार्च के लोगों ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के जरिये हम लोगों को बताना चाहते हैं कि हम उनके आदेशों को मानने वाले नहीं हैं और न ही हम फासीवाद के सामने झुक रहे हैं। हम अन्य लोगों को ऐसा करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

प्रदर्शन में एबॉर्शन एक्शन नाउ, टाइम टू एक्ट, सिस्टरसॉन्ग, विमेंस मार्च, पॉपुलर डेमोक्रेसी इन एक्शन, हैरियट्स वाइल्डेस्ट ड्रीम्स, द फेमिनिस्ट फ्रंट, नाउ, प्लांड पैरेंटहुड, नेशनल विमेंस लॉ सेंटर एक्शन फंड, सिएरा क्लब और फ्रंटलाइन समेत कई संगठन शामिल रहे। जबकि पीपुल्स मार्च से इस प्रदर्शन का नेतृत्व किया। वॉशिंगटन डीसी के अलावा न्यूयॉर्क, सिएटल और शिकागो समेत कई शहरों में प्रदर्शन हुए।

एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि हम वास्तव में महिलाओं, समानता, अप्रवासन समेत हर चीज का समर्थन करना चाहते थे।

# आईएएस इन्द्र विक्रम सिंह को मीडियाकर्मियों ने दी विदाई और पदोन्नति पर बधाई

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, सीडीओ अभिनव गोपाल, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, एसडीएम निखिल चक्रवर्ती रहे उपस्थित

















**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आइएएस इन्द्र विक्रम सिंह की पदोन्नति हो गई है। उन्हें अब सचिव कृषि के पद पर नियुक्त किया गया है। रविवार को मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी कॉलेज में उनकी पदोन्नति और विदाई के लिए गाजियाबाद की मीडिया द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों और गाजियाबाद के पत्रकारों की ओर से उनको भविष्य की शुभकामना दी गई। तो वहीं गाजियाबाद में जिलाधिकारी के रूप में उनके लगभग एक साल के कार्यकाल के दौरान घटे खट्टे-मीठे अनुभव भी अधिकारियों और पत्रकारों द्वारा साझा किए गए। इस दौरान सभी ने जिलधिकारी आइएएस इन्द्र विक्रम सिंह को भविष्य के लिए शुभकामना दी। तो आइएएस इन्द्र विक्रम सिंह ने भी सभी का आभार, धन्यवाद और उनका सहयोग करने के लिए हृदय की गहराइयों से धन्यवाद किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत समारोह से हुई और समापन निवर्तमान जिलाधिकारी आइएएस इन्द्र विक्रम सिंह के विदाई भाषण से हुआ।

### आइएएस इन्द्र विक्रम सिंह बोले गाजियाबाद की मीडिया ने हर कदम पर दिया साथ

**करंट क्राइम :** रविवार को आरकेजीआईटी कॉलेज में पत्रकारों द्वारा आईएएस अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की पदोन्नति होने पर उन्हें कृषि सचिव नियुक्ति मिलने पर शुभकामनाएं दी। तो विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। इस दौरान गाजियाबाद की मीडिया का आभार जताते हुए आइएएस इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि गाजियाबाद में बिताया गया उनका समय बेहद शानदार रहा। उन्होंने कहा कि मीडिया ने बहुत ही ईमानदारी और सच्चाई के साथ अपना काम किया और उनका भरपूर सहयोग भी किया। आइएएस इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि मीडिया ने जिस तरीके से उनकी पॉजिटिव छवि राखी यह है संदेश लखनऊ तक भी गया है। इस दौरान उन्होंने सभी का आभार और धन्यवाद भी प्रकट किया।

### जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की शैली थी बेबाक : अक्षत गोयल

**करंट क्राइम :** आइएएस इन्द्र विक्रम सिंह की विदाई समारोह का आयोजन पत्रकारों द्वारा आरकेजीआईटी कॉलेज में किया गया था। जहां पत्रकारों ने उनका सम्मान करते हुए उनको विदाई दी। तो इस मौके पर आरकेजीआईटी एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने भी निवर्तमान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के व्यक्तित्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से गाजियाबाद के मीडियाकर्मियों द्वारा एक अधिकारी का विदाई समारोह और उनकी शख्सियत का जिक्र किया गया है वह काबिले तारीफ है।

### इनकी रही कार्यक्रम में उपस्थिति

**करंट क्राइम :** कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर आयुक्त आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, एसडीएम निखिल चक्रवर्ती के अलावा दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण, वरिष्ठ पत्रकार आलोक यात्री, एसपी चौहान अशोक ओझा, अशोक कौशिक, अशोक शर्मा, हेमेंद्र बंसल, लोकेश राय, अनुज चौधरी, ठाकुर शक्ति सिंह, तोषिक कर्दम, यादराम भारती, दीपक चौधरी, रोहित सिंह राजावत, तेजेस चौहान, सचिन कुमार, संजीव शर्मा, रश्मि ओझा, पंकज ठाकुर, करणवीर कश्यप, सोनू अरोड़ा, मनोज सिंह, जितेंद्र गौतम, नितिन राजपूत, सुनील गौतम, शहजाद, चंदन ठाकुर, मनोज राय, नरेश चंद्रा, पंकज राय के साथ ही छायाकार वरुण लाहौरिया, शाहबाज खान, शिवम गिरी, सुनील चेतन सहित अन्य मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की इन्द्र विक्रम सिंह की स्पीच क्वालिटी की तारीफ

**करंट क्राइम :** रविवार को आइएएस इन्द्र विक्रम सिंह की विदाई समारोह का आयोजन था। तो यहां आईएएस अधिकारी और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी इन्द्र विक्रम सिंह की तारीफ और वर्किंग स्टाइल के मुरीद नजर आए। उन्होंने कहा कि एक कार्यक्रम के दौरान जब वह खुद बोल रहे थे, तो उनको लग रहा था कि वह अच्छे वक्ता हैं लेकिन जब उन्होंने आइएएस इन्द्र विक्रम सिंह को लगभग आधे घंटे से अधिक एक विषय पर अपने विचार रखते हुए सुना तो उन्हें लगा कि वाकई जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के पास ज्ञान का भंडार है और जो वह बोलते हैं उसे पूरी तरीके से सोच समझकर कहा जाता है। उन्होंने इस दौरान पदोन्नति होने पर इन्द्र विक्रम सिंह को बधाई दी। तो इस मौके पर इन्द्र विक्रम सिंह ने मजाकिया अंदाज में कहा कि अभी गाजियाबाद में वह एक विक्रम को छोड़कर जा रहे हैं।

# समरकूल की 'डीलर मीट' बस्ती जिले में हुआ संपन्न

## संजीव गुप्ता ने प्रिया इलैक्ट्रॉनिक बस्ती के साथ मिलकर दर्जनों डीलर्स को किया सम्मानित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में समरकूल की डीलर्स मीट का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रिया इलैक्ट्रॉनिक बस्ती के नेतृत्व में समरकूल के दर्जनों डीलर्स ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। समरकूल के आथोराईज्ड डिस्ट्रिब्यूटर प्रिया इलैक्ट्रॉनिक के डायरेक्टर अविनाश गुप्ता एवं अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में इस डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। इस डीलर्स मीट का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, समरकूल के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। कार्यक्रम में कंपनी के इंडिया सेल्स हैड नरेश बत्रा ने सभी को कंपनी की ओर से जारी नयी स्कीम के बारे में अवगत कराया।

### समरकूल पर उपभोक्ताओं ने भरोसा जताया : संजीव गुप्ता

करंट क्राइम। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता ने अपने डीलर्स को संबोधित करते हुए कहा कि अब समरकूल के एयर कूलर को देश का पहला आईएसआई सर्टिफि केट प्राप्त हो चुका है। जिसका सीधा लाभ आपको कूलर सेल्स की बढोतरी में दिखाई देगा। और समरकूल पर हमारे उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि डिमांड बढ़ने पर भी समरकूल आपकी मांग को समय पर पूरा करने के लिए वचनबद्ध है। तथा संजीव गुप्ता ने प्रिया इलैक्ट्रॉनिक बस्ती की प्रशंसा करते हुए कहा कि अविनाश गुप्ता और अभिषेक गुप्ता ने इस क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय काम किया है। इन्होंने अपनी मेहनत से आज समरकूल के साथ अनेक डीलर्स को जोड़ने का काम किया है। कार्यक्रम के अंत में बस्ती नगर पालिका के चेयरमैन अंकुर गुप्ता और संजीव गुप्ता ने सभी डीलर्स को प्रोत्साहित करते हुए प्रतीक चिह्न भेंट करते हुए सम्मानित भी किया।

# लाजपतनगर मंडल में कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लाजपत नगर मंडल में मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा के नेतृत्व में वार्ड 80 पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा के कार्यालय पर पीएम मन की बात का कार्यक्रम सुना। लाजपत नगर मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए, सभी कार्यकर्ता हर महीने अपने बूथ पर वहां के नागरिकों के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम जरूर सुनें। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया वे 'मन की बात' कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगों विशेष रूप से युवाओं को जोड़े। इस अवसर पर राहुल तोमर, धीरेन्द्र सिंह, राजेश पांडे, गोविन्द चौधरी, प्रभात झा, अशोक खन्ना, महेश भारतीय, विशाल कौशिक, रंजनी शर्मा, नीरू तोमर, अशुतोष सिंह, अतुल शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बवाना विधानसभा सीट पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जनता को किया संबोधित, कहा-

# दिल्ली का विकास होते देखना हो तो नरेंद्र मोदी और भाजपा को चुनें



नई दिल्ली, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप इन दिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव में बवाना सीट से भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुमार के लिए लगातार जनसंपर्क और सभाएं कर रहे हैं। रविवार को भी उन्होंने एक जनसभा की और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली में उन्होंने बेहद जरूरी बताया है। साथ ही कहा है कि दिल्ली के विकास और नए आयाम स्थापित करने के लिए दिल्ली की जनता को अब भारतीय जनता पार्टी को चुनना होगा ताकि दिल्ली का विकास कराया



जा सके और यहां विश्व स्तर की तकनीक वाले काम शुरू हों। उन्होंने इस दौरान आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा है कि दिल्ली की जनता के साथ बीते 10 सालों से सिर्फ धोखा हो रहा है। दिल्ली में ना विकास हुआ है और ना कल्याणकारी योजनाएं परवान चढ़ी हैं।

**नरेंद्र कश्यप ने कहा जनता का जोश भाजपा के साथ :** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में विजयी बनाने की अपील कर रहे हैं। तो वह कार्यकर्ताओं और उम्मीदवारों को बता रहे हैं कि कार्यकर्ता व नागरिकों का जोश बता रहा है कि दिल्ली में भाजपा ही जीतेगी, कमल का फूल खिलेगा और दिल्ली विकास के रथ पर सवार होगी। रविवार को अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के लिए वोट मांगने के साथ ही दिल्ली की जनता से विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

## एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में सम सेमेस्टर 2025 का औपचारिक शुभारंभ

### 20 जनवरी 2025 से नियमित कक्षाओं का संचालन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में सम सेमेस्टर 2025 की शुरुआत 20 जनवरी से नियमित रूप से हो रही है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सभी विभागों और छात्रों को व्यवस्थित तरीके से शिक्षण प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रेरित किया है। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार ने कहा, 'नई शुरूआत सिर्फ शिक्षा का अध्याय नहीं है, बल्कि यह आपके जीवन में परिवर्तन लाने का एक अवसर है।' प्रो. वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव (आई.पी.एस., आई.जी.-रिटायर्ड) ने कहा, यूनिवर्सिटी का उद्देश्य छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा और एक प्रोत्साहनपूर्ण शैक्षणिक माहौल प्रदान करना है। रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने कहा, सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि सम सेमेस्टर 2025 की कक्षाएं निर्धारित समय से शुरू की जा रही हैं। एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी, छात्रों के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह नया सम सेमेस्टर न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि छात्रों के जीवन में नए अवसरों और संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कर्मवीरों का सम्मान करना समाज की सच्ची सेवा : संजीव शर्मा

## उत्थान समिति ने वार्ड 56 के सफाईकर्मियों और मलियों को स्वच्छता योद्धा अवार्ड से किया सम्मानित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शास्त्रीनगर क्षेत्र की कालोनी अवंतिका में रविवार को समाजसेवी संस्था उत्थान समिति द्वारा स्वच्छता योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में वार्ड 56 के सफाई कर्मचारियों और मलियों को स्वच्छता योद्धा अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कंबल वितरण और खिचड़ी वितरण भी किया गया।

इस स्वच्छता योद्धा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कि जो लोग दूसरों की हितों के कार्यों व साफ सफाई के कामों में जुटे रहते हैं, उनका कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण व अनमोल है। ऐसे कर्मवीरों का सम्मान करना समाज की सच्ची सेवा है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि उत्थान समिति ने इस आयोजन के माध्यम से समाज में स्वच्छता और समाज कल्याण की दिशा में सराहनीय पहल है, जो दूसरी संस्थाओं व समाजसेवियों को लिए भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने उत्थान समिति के चैयरमैन सत्येन्द्र सिंह के इन प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके इस कार्य को जमकर सराहा।

स्वच्छता योद्धा सम्मान समारोह में चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा दान किए गए पुराने कपड़े और अन्य सामग्री का वितरण किया गया। इसके लिए विद्यालय की अध्यापिका रीना सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इनके अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर का पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर उनका भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार सिसोदिया और संचालन विनीत गोयल एवं नरेन्द्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। अरुण त्यागी ने आगन्तुकों को आभार जताया। समारोह में पार्षद विजय मोहन, पार्षद अमित त्यागी, पवन गौतम और प्रमोश यादव, बाल किशन गुप्ता, वेद प्रकाश तोमर, धर्मवीर शर्मा, एच. एन. सिंह, अशोक राव, लोकेश कौशिक, संजय चौधरी, पवन त्यागी, विजेंद्र कुमार आदि सैंकड़ों प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे।

### उत्थान समिति स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए समर्पित : पर्यावरणविद् सत्येन्द्र सिंह

उत्थान समिति के चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह ने कहा हमारी संस्था स्थानीय स्तर से लेकर देश भर में स्वच्छता, हरित और स्वस्थ संबंधी कार्यो के लिए समर्पित हैं। इस दिशा में संस्था ने नगर निगम के वार्ड- 56 में सफाई कर्मचारियों और नगर निगम के कर्मठ मलियों को उनकी अमूल्य सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा यही प्रयास है कि हम समाज के पिछड़े वर्गों के लोगों का उत्थान करें और उनका स्वच्छता के प्रति जागरूक करके उनका जीवन सुगम व सम्मानजनक बनाएं।




## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कहते हैं कि प्यार एक ऐसी भाषा है और दुलार एक ऐसा संवाद है जिसे सब समझ ओर महसूस कर सकते हैं। कुछ इसी संदेश को सुशील गौतम ने अपनी पोस्ट के जरिए दिया। जीवों के प्रति करुणा और मानवीय मूल्यों के साथ जीना बड़ी चीज है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।